www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

20 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 180

जब फाइटर जेट ने तिरंगा बनाया, तो बच्चों की आंखों में चमक दौड़ गयी



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# भारतीय वायुसेना का अद्भुत एयर शो

## रांची के आसमान में विमानों ने बनाया तिरंगा, आज भी दिखेंगे हैरतअंगेज करतब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में पहली बार वायुसेना ने शौर्य का प्रदर्शन किया। भारतीय वायुसेना ने अपना दमखम दिखाया। शनिवार को नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में सूर्यकिरण एरोबैटिक्स टीम ने हैरतअंगेज एयर शो किया। वायुसेना के पायलटों ने हॉक विमानों से एक घंटे तक आसमान में करतब दिखाये। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और एयर चीफ मार्शल एपी सिंह इस कार्यक्रम में मौजूद थे। रविवार को भी यह शानदार आयोजन जारी रहेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और कई बड़े अधिकारी भी वहां मौजूद थे। वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक्स टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। हॉक विमानों से पायलटों ने एक घंटे तक दर्शकों को रोमांचित किया। आसमान में अद्भुत करतब देख कर लोग मंत्रमुग्ध हो गये।



### तिरंगा झंडा लेकर मैदान में आयें दर्शक : संजय सेठ

एयर शो रविवार को भी होगा। वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक्स टीम का प्रदर्शन एक बार फिर देखने को मिलेगा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा एयर फोर्स के जांबाज पायलटों का मनोबल बढ़ाने के लिए रविवार को जनता तिरंगा झंडा लेकर मैदान में पहुंचें।



(पेज-3 भी देखें)

**नौ विमान निश्चित दूरी बना कर एक साथ उड़े :** एयर शो को दो भागों में बांटा गया था। पहले भाग में 9 हॉक विमान एक साथ, केवल 5 मीटर की दूरी पर उड़ते हुए अलग-अलग आकार बनाते दिखे। यह नजारा देखने लायक था।

**लूप-डीएनए मनोहर और क्रॉस जैसे खतरनाक फॉर्मेशन :** दूसरे भाग में सभी 9 विमान अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति का प्रमाण देते हुए अलग-अलग आकृतियां आसमान में बनायीं। इसके अलावा विमान उलटे उड़ान भरते हुए भी नजर आये। उन्होंने लूप, डीएनए मनोहर और क्रॉस जैसे खतरनाक फॉर्मेशन दिखाये। सबसे खास पल वह था, जब पायलटों ने 5 मीटर से भी कम की दूरी रखते हुए आसमान में तिरंगा बनाया। यह देख कर लोग खुशी से झूम उठे।

**टीम के सदस्यों ने छह महीने कड़ी मेहनत की :** पायलट अजय दशरथी, जशदीप सिंह, कुलदीप हुड्डा, सिद्धेश कार्तिक, विष्णु, अंकित वशिष्ठ, गौरव पटेल, अर्जुन पटेल और दिवाकर शर्मा ने इस शो को सफल बनाया। उन्होंने छह महीने तक कड़ी मेहनत की, तब जाकर यह शानदार प्रदर्शन कर पाये।

## बार्सिलोना पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत

# विदेशी निवेशकों से हेमंत सोरेन ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विदेश दौरे पर गये हैं। वह शनिवार को स्पेन पहुंचे। हेमंत सोरेन का स्पेन में भारत की कार्यवाहक महावाणिज्य दूत यानी एक्टिंग कंसल्टेंट जनरल आरशा एनएस ने सीएम का स्वागत किया। हेमंत सोरेन सबसे पहले स्पेन के बार्सिलोना शहर पहुंचे हैं। जहां सीएम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भारतीय प्रवासी उद्यमियों और स्पेनिश के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मुलाकात करेगा और भविष्य के सहयोग के लिए प्रयास करेगा।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शुक्रवार को राज्य सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन के दौरे पर रवाना हुआ है। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के साथ विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अविनाश कुमार समेत उद्योग विभाग के अन्य अधिकारी शमिल हैं। उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने बताया था कि प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले बार्सिलोना जायेगा। उसके बाद मैड्रिड और स्वीडन के गोथेनबर्ग जायेगा। 19 से 27 अप्रैल तक यह प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन के विभिन्न शहरों में विदेशी निवेशकों से मुलाकात कर उन्हें राज्य सरकार की नीतियों से अवगत करायेगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना के नामी 'फिरा डे बार्सिलोना' के साथ स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर चर्चा की। वहीं, विश्वविख्यात फुटबॉल क्लब 'एफसी बार्सिलोना' के साथ खेल विकास पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीयों को झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। अब स्पेन में कई कंपनियों के साथ बैठकें होंगी। स्पेन और स्वीडन के दौरे के क्रम में झारखंड की खदानों की नीलामी में भाग लेने के लिए राज्य सरकार की ओर से निवेशकों को आमंत्रित किया जायेगा। इस दौरान विदेशी उद्योगपतियों को राज्य सरकार की औद्योगिक नीति और राज्य में उपलब्ध खनिज संसाधनों से अवगत कराया जायेगा। इसके लिए मैड्रिड के एक होटल में निवेशकों के साथ एक बड़ी बैठक आयोजित की गयी है।

## न्यूज रील्स

### 19 साल बाद फिर एक साथ आ सकते हैं राज-उद्धव

मुंबई । महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ आ सकते हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को इस बात का संकेत दिया। राज ठाकरे ने कहा- हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। उधर, उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था। बताते चलें कि राज ने शिवसेना में उद्धव को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद 27 नवंबर 2005 को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अपनी पार्टी महाराष्ट्र नव निर्माण सेना बनायी थी, तब दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं रहे

### दिल्ली में इमारत गिरी, 11 की मौत

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात चार मंजिला बिल्डिंग ढह गयी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 11 लोग घायल हुए। इनमें से पांच गंभीर रूप से घायलों का इलाज अब भी जारी है। 20 साल पुरानी चार मंजिला इमारत के गिरने के बाद 12 घंटे से ज्यादा समय तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। हादसे के बाद एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमों ने घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस के मुताबिक इमारत में 22 लोग थे। इनमें बिल्डिंग के मालिक तहसीन और उनके परिवार के छह सदस्य भी मारे गये। इनमें तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं।

# कानून अगर सुप्रीम कोर्ट ही बनायेगा, तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए : निशिकांत दुबे

**सांसद ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर नाराजगी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि कानून यदि सुप्रीम कोर्ट ही बनायेगा, तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए। उन्होंने वक्फ संशोधन कानून और पॉकेट वीटो को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर नाराजगी जाहिर की है। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को तमिलनाडु के राज्यपाल और राज्य सरकार के मामले में राज्यपाल के अधिकार की सीमा तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गये बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गये बिल पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। उधर, वक्फ कानून संशोधन की सुनवाई में भी सुप्रीम कोर्ट ने अंतिरिम आदेश दिया है। इसके बाद से यह विवाद बढ़ गया है।



दो दिन पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी न्यायपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के बंटवारे पर सवाल उठाया था। वहीं, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को विधायी मामलों में दखल नहीं देना चाहिए, क्योंकि शक्तियों का बंटवारा संविधान में स्पष्ट रूप से परिभाषित है। सरकार और न्यायपालिका को एक-दूसरे के क्षेत्र का सम्मान करना चाहिए। अब निशिकांत दुबे सामने आये हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कानून यदि सुप्रीम कोर्ट ही बनायेगा, तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए। उन्होंने यह सवाल भी उठाया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसलों के माध्यम से विधायिका के मामले में हस्तक्षेप करने का अधिकार है।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीट कर हत्या

**पत्नी ने बताया, घर से उठा कर ले गये थे**

**भारत बोला : बांग्लादेश बिना भेदभाव सबकी रक्षा करे**

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भाबेश चंद्र रॉय (58) का गुरुवार शाम उनके घर से अपहरण किया गया और पीट-पीट कर मार डाला गया। वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे।


**दो बाइक पर चार लोग आये, जबरदस्ती उठा कर ले गये :** भाबेश चंद्र रॉय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आये और भाबेश को जबरदस्ती उठा कर ले गये। चश्मदीदों के मुताबिक उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया। वहां बेरहमी से पीटा गया। हमलावरों ने भाबेश को बेहोश हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।






### भारत ने कहा : बांग्लादेश हिंदुओं की रक्षा करे

भारत बोला कि बांग्लादेश सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मामले में बयान जारी कर कहा कि हमें बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और हत्या के बारे में जानकारी मिली है। यह हत्या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का एक पैटर्न दिखती है। पहले भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें आरोपी बिना सजा पाये आजादी से घूमते हैं। बयान में आगे कहा गया कि हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना कोई बहाना बनाये या भेदभाव किये हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी निभाये।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 20 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# खतरनाक है अदालतों का 'सुपर संसद' बन जाना: उपराष्ट्रपति

## ■ कहा-अदालतों का राष्ट्रपति को निर्देश देना अच्छा संकेत नहीं
## ■ संसद से पास-राष्ट्रपति की मंजूरी से लागू कानून की समीक्षा भी ठीक नहीं
## ■ खतरनाक हो सकता है कार्यपालिका और न्यायपालिका का यह टकराव

आजाद सिपाही विशेष

**सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को संबंधित राज्यपालों द्वारा अनंत काल तक रोक कर 'पॉकेट वीटो' करने की प्रवृत्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ ने जो निर्णय दिया है, उससे विधायिका में भारी कसमसाहट है। वे कह रहे हैं यह कार्यपालिका के क्षेत्र में न्यायपालिका का अनावश्यक हस्तक्षेप है। अदालतें कार्यपालिक प्रमुखों, जैसे राष्ट्रपति और राज्यपालों को निर्देशित कैसे कर सकती हैं। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट 'सुपर संसद' की तरह काम न करे। उप राष्ट्रपति के इस तेवर पर भी विधि विशेषज्ञ दो खेमों में बंट गये हैं। एक इस पर आपत्ति जता रहा है, तो दूसरा इसे 'साहसिक' बता रहा है। इसके अलावा संसद द्वारा पारित और राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित कानून पर स्थगनादेश देना भी अदालतों के 'सुपर संसद' बन जाने का संकेत हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या अब संविधान के दो मूलभूत अंग, न्यायपालिका और कार्यपालिका ही एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो गये हैं और क्या यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए सुखकर है। इन दोनों सवालों का जवाब 'नहीं' है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए घातक है, क्योंकि वैचारिक द्वंद्व होना अलग बात है और अधिकारों का अतिक्रमण और मर्यादा के सीमांकन की जिद होना दूसरी बात। इस द्वंद्व में कार्यपालिका, विधायिका से समर्थन चाहेगी, जो हो भी रहा है, क्योंकि स्वतंत्र और प्रभावी न्यायपालिका, जो आज खुद सवालों के घेरे में है, अक्सर कार्यपालिका के कान उमेठती रहती है और कभी-कभार विधायिका को भी निर्देशित करती है। क्या है इस टकराव के मायने और लोकतंत्र के लिए यह रवैया कितना घातक है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

तमिलनाडु के राज्यपाल पर फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधने वाले उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान पर चर्चा छिड़ गयी है। उप राष्ट्रपति ने न्यायपालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समय सीमा निर्धारित करने और 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करने को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता। उप राष्ट्रपति ने कहा, हमारे पास ऐसे जज हैं, जो कानून बनायेंगे, जो कार्यपालिका के कार्य करेंगे, जो 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। उप राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट को पूर्ण शक्तियां प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद 142 को 'न्यायपालिका को चौबीसों घंटे उपलब्ध लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ परमाणु मिसाइल' करार दिया। इसके बाद से न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच मतभेद को लेकर एक बार फिर चर्चा होने लगी है।

### न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव

भारत के संवैधानिक इतिहास में कई बार ऐसा हुआ है, जब न्यायपालिका और कार्यपालिका सीधे-सीधे टकरा गये हैं। इन टकरावों ने संविधान के प्रावधानों को समझने, संसद की शक्तियों की सीमाओं और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को आकार दिया है। एक बड़ा टकराव 1973 में केशवानंद भारती मामले में हुआ था। यह मामला इसलिए हुआ, क्योंकि सरकार भूमि सुधार और सामाजिक बदलाव लाना चाहती थी। इंदिरा गांधी सरकार का मानना था कि संसद संविधान के किसी भी भाग में बदलाव कर सकती है, जिसमें मौलिक अधिकार भी शामिल हैं। केशवानंद भारती, जो केरल में एक धार्मिक मठ के प्रमुख थे, ने राज्य सरकार द्वारा उनकी संपत्ति के अधिग्रहण को चुनौती दी। मामला सुप्रीम कोर्ट में गया। 13 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया कि संसद संविधान के किसी भी भाग में बदलाव कर सकती है, लेकिन वह इसके मूल ढांचे को नहीं बदल सकती। कोर्ट ने 'मूल ढांचे' की पूरी परिभाषा नहीं दी, लेकिन कुछ मुख्य बातें बतायीं, जैसे - संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन, शक्तियों का बंटवारा, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों की सुरक्षा। इस फैसले ने सरकार की संविधान पर मनमानी करने की कोशिशों पर रोक लगायी। यह भारत के इतिहास में न्यायिक समीक्षा का एक महत्वपूर्ण उदाहरण था।

### इमरजेंसी में जब सरकार का साथ देने पर आलोचना हुई

एक और टकराव इमरजेंसी के दौरान हुआ, जो 1975 से 1977 तक चला। इस दौरान लोगों की आजादी छीन ली गयी, राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया गया और प्रेस पर पाबंदी लगा दी गयी। इस समय का एक महत्वपूर्ण मामला एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला मामला था, जिसे आम तौर पर बंदी प्रत्यक्षीकरण मामला कहा जाता है। इस मामले में जिन लोगों को प्रिवेंटिव डिटेंशन कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया था, उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी। उन्होंने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के माध्यम से राहत मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया। इसे कोर्ट के इतिहास में एक काला अध्याय माना जाता है। कोर्ट ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान, जब अनुच्छेद 32 के तहत संवैधानिक उपायों का अधिकार निलंबित कर दिया गया था, तो नागरिकों को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को लागू करने का भी अधिकार नहीं है। इस फैसले की बहुत आलोचना हुई। बाद में इसे अन्य फैसलों और संवैधानिक संशोधनों द्वारा बदल दिया गया। जस्टिस एचआर खन्ना ने नागरिक स्वतंत्रता के लिए अपनी आवाज उठायी, भले ही उन्हें व्यक्तिगत रूप से नुकसान हुआ। उन्हें हमेशा याद किया जायेगा।



### कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संबंध तनावपूर्ण

इसके बाद के सालों में कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संबंध तनावपूर्ण बने रहे। खासकर जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर को लेकर। 1980 के दशक की शुरुआत में जजों की नियुक्ति का मुद्दा सामने आया। सरकार ऐसे जजों को ट्रांसफर या नियुक्त करना चाहती थी, जो उसके समर्थक हों। इससे कई कानूनी विवाद हुए, जिन्हें सामूहिक रूप से 'थ्री जजेस केस' के नाम से जाना गया। पहला मामला 1981 में आया, जिसमें जजों की नियुक्ति में सरकार को प्राथमिकता दी गयी। लेकिन 1993 में दूसरे केस में इस फैसले को पलट दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति अब एक कॉलेजियम करेगी, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश और कुछ वरिष्ठ जज शामिल होंगे। 1998 में तीसरे केस में इसे और स्पष्ट किया गया। कॉलेजियम सिस्टम को मजबूत किया गया और जजों की नियुक्ति को सरकार के हस्तक्षेप से बचाया गया।

### एनजेएसी के मुद्दे पर भी आये आमने-सामने

2014 में संसद ने कॉलेजियम सिस्टम को बदलने के लिए 99वां संविधान संशोधन और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम पारित किया। एनजेएसी में कार्यपालिका के सदस्य, जैसे कानून मंत्री, भारत के चीफ जस्टिस, सीनियर जज और दो जाने-माने लोग शामिल थे। इसे नियुक्ति प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए पेश किया गया था। लेकिन, 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी को असंवैधानिक घोषित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इससे संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन होता है, क्योंकि इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता खतरे में पड़ती है। कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में कार्यपालिका के सदस्यों की उपस्थिति शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट ने कॉलेजियम सिस्टम को फिर से लागू कर दिया।

### सच में संवैधानिक लोकतंत्र के विकास के लिए जरूरी थे टकराव

इन घटनाओं से पता चलता है कि भारतीय इतिहास में कई बार न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव हुआ है। ये टकराव सिर्फ संस्थागत लड़ाई नहीं थे, बल्कि भारत के संवैधानिक लोकतंत्र के विकास के लिए जरूरी थे। इनसे संसद की शक्तियों की सीमा, नागरिक स्वतंत्रता और न्यायपालिका की स्वतंत्रता तय हुई। इन सभी मामलों में न्यायपालिका ने संवैधानिक संतुलन बनाये रखने और सरकार की मनमानी के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा करने की कोशिश की।

सरल शब्दों में कहें, तो भारत में समय-समय पर न्यायपालिका और सरकार के बीच मतभेद होते रहे हैं। ये मतभेद संविधान को समझने, संसद की ताकत को सीमित करने और न्यायपालिका को स्वतंत्र रखने में मददगार साबित हुए हैं। इन सभी घटनाओं से पता चलता है कि भारत में न्यायपालिका और सरकार के बीच कई बार टकराव हुआ है। इन टकरावों ने भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मदद की है। इनसे पता चला कि संसद की शक्ति कितनी है, लोगों की आजादी कितनी जरूरी है और न्यायपालिका कितनी स्वतंत्र होनी चाहिए। न्यायपालिका ने हमेशा संविधान की रक्षा करने और सरकार को मनमानी करने से रोकने की कोशिश की है।

### वर्तमान संदर्भ में टकराव

अब आते हैं वर्तमान संदर्भों में टकराव पर। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा है कि विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को संबंधित राज्यपालों द्वारा अनंत काल तक रोक कर 'पॉकेट वीटो' करने की प्रवृत्ति असंवैधानिक है। इसके अलावा संसद द्वारा पारित और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद लागू वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट के स्थगनादेश से भी न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठने लगे हैं। इन दोनों मामलों से आवाज उठने लगी है कि यह कार्यपालिका के क्षेत्र में न्यायपालिका का हस्तक्षेप है। अदालतें कार्यपालिका प्रमुखों, जैसे राष्ट्रपति और राज्यपालों को निर्देशित कैसे कर सकती हैं। इतना ही नहीं, अदालतों में यदि संसद द्वारा पारित कानूनों पर स्थगन आदेश लागू होता रहा, तो फिर इस देश की संसद, यानी लोकतांत्रिक व्यवस्था के सर्वोच्च मंदिर की जरूरत क्या रह जायेगी।

### क्या कहा उप राष्ट्रपति ने

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल को हाल ही में न्यायपालिका के एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिये जाने की पनपी नयी प्रवृत्ति पर सवाल किया कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र की कभी उम्मीद नहीं की थी। राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जाता है। धनखड़ की यह टिप्पणी एकदम ठीक है, क्योंकि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते, जहां हम भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें या उनके द्वारा लागू कानून को स्थगित कर दें। यह लोकतंत्र के लिए घातक ही होगा और इससे टकराव बढ़ेगा। इसलिए अच्छा यही होगा कि लोकतंत्र का हर स्तंभ, चाहे वह विधायिका हो या कार्यपालिका या फिर न्यायपालिका, अपनी सीमाओं में रह कर संविधान प्रदत्त अधिकारों के दायरे में काम करें।

---

# जनता रहे सावधान, कहीं मुर्शिदाबाद जैसी स्थिति झारखंड में भी न हो जाये : बाबूलाल

## गिरिडीह में मंत्री हफीजुल हसन की बर्खास्तगी को लेकर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को फिर एक बार राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी गिरिडीह में मंत्री हफीजुल हसन की बर्खास्तगी को लेकर किये जा रहे प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे।

कहा कि संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले मंत्री के दिल की बात जुबान पर आ गयी। मंत्री जी यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने तो खून खराबे की बात भी कर डाली है। मंत्री का ही बयान है जो जोर शोर से वायरल हो रहा है।

जिसमें उन्होंने कहा है कि मुसलमान कब्र में नहीं है, सब्र में है। सड़क पर उतर गया, तो खून खराबा होगा ये उनकी भाषा है। जिनकी पार्टी और गठबंधन के नेता पॉकेट में संविधान लेकर घूमते है। संविधान बचाने की बात करते हैं। मंत्री के संविधान विरोधी बयान के बाद कांग्रेस और झामुमो की चुप्पी यह बता रही कि इसमें उनकी सहमति है। तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति में यह इंडी गठबंधन अंधा हो चुका है।

**जनता को सावधान और जागरूक रहने की जरूरत**



झारखंड की जनता को सावधान और जागरूक रहने की जरूरत है, नहीं तो ये सत्ता भोगी और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे लोग झारखंड में भी मुर्शिदाबाद जैसी घटना करा सकते हैं। संविधान बचाने की बात करने वाली कांग्रेस झामुमो ने बार-बार संविधान की मर्यादाओं को तार-तार किया है। कांग्रेस राज में तो सत्ता सुख और तुष्टीकरण की खातिर अनेक संशोधन किये। 90 बार से अधिक धारा 356 का उपयोग करते हुए लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया। राष्ट्रपति शासन थोपा। ऐसे सत्तालोलुप और तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों को बड़ा सबक सिखाने की जरूरत है ताकि भविष्य में ये ऐसी भाषा नहीं बोल सकें। ऐसे मंत्री को अविलंब बर्खास्त किया जाना चाहिए।

---

# अपराधियों ने व्यापारी को मारी गोली, गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** जिले के कांड्रा थाना अंतर्गत कांड्रा- डुमरा मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अपराधियों ने दिन दहाड़े एसबी ट्रेडर्स के मालिक संजय बर्मन को गोली मार दी। घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा गंभीर रूप से घायल संजय को उठाकर कांड्रा थाना पहुंचाया गया। पुलिस उन्हें लेकर इलाज के लिए टीएमएच ले गयी है जहां उसकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

बताया जाता है कि संजय को दो गोलियां लगी हैं। एक पैर में और एक जांघ में गोली लगी है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कुछ बताना संभव है। कांड्रा में दिनदहाड़े इस तरह की घटना



से लोगों में भय का माहौल है। इस घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि कांड्रा में पिछले दिनों भी दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। उसमें से एक अपराधी की गिरफ्तारी हुई है जबकि अन्य अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं।

---

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रिम्स, स्वास्थ्य मंत्री की भूमिका संदिग्ध : अमर कुमार बाउरी

**संविधान के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री रिम्स के दलित डायरेक्टर के साथ दुर्व्यवहार कर रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को बेरमो में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रिम्स गरीबों का इलाज करने वाला प्रमुख संस्थान है, लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री की दखलअंदाजी और दबाव के कारण यह संस्था भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है।

बाउरी ने आरोप लगाया कि रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को बिना पूर्व सूचना, कारण और किसी जांच के पद से हटाया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सरकार इमानदार अधिकारियों को संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ काम नहीं करने देना चाहती। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ राजकुमार के खिलाफ आज तक किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है और उनके पिछले 14 महीने के कार्यकाल को इमानदारी व दक्षता का उदाहरण माना जाता रहा है। उन्होंने बताया कि हेल्थमैप और मेडाल जैसी आउटसोर्स कंपनियों पर महालेखाकार की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताओं की बात सामने



आयी है। फर्जी बिल, डॉक्टरों के फर्जी हस्ताक्षर और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों का स्पष्ट उल्लेख है। इसके बावजूद स्वास्थ्य मंत्री इन कंपनियों के फर्जी बकायों के भुगतान का दबाव निदेशक पर बना रहे थे। इतना ही नहीं, कैबिनेट से स्वीकृत एमआरआइ मशीन के टेंडर को निरस्त कर अपने पसंदीदा ठेकेदार को टेंडर देने के लिए भी दबाव डाला जा रहा था। उन्होंने कहा कि संविधान को हाथ में लेकर चलने वाले यह कांग्रेस पार्टी के नेता अनुसूचित समाज से आने वाले रिम्स के डायरेक्टर के साथ इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन में गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अर्जुन सिंह सहित कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जब फाइटर जेट ने तिरंगा बनाया, तो बच्चों की आंखों में चमक दौड़ गयी









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शनिवार की सुबह नामकुम के खोजाटोली आर्मी ग्राउंड पर खास नजारा देखने को मिला। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की दर्जनों छात्राएं पहली बार भारतीय वायुसेना का रोमांचक एयर शो देखने पहुंचीं। जैसे ही सूर्यकिरण टीम के फाइटर जेट्स ने रंग-बिरंगे धुएं से आसमान में तिरंगा बनाया, वहां मौजूद हर आंख गर्व और उम्मीद से चमक उठी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय वायुसेना की वीरता से परिचित कराना और उनमें देश सेवा की भावना का संचार करना था। छात्राओं की खुशी देखने लायक थी। एक बच्ची ने उत्साह से कहा, पहली बार फाइटर प्लेन को इतनी नजदीक से देखा। ऐसा लग रहा था जैसे हम भी उड़ रहे हों। वहीं एक और छात्रा बोली, एक दिन मैं भी वायुसेना में जाऊंगी और देश का नाम रोशन करूंगी।

एयर शो के बाद छात्राओं को सूर्यकिरण टीम से मिलने का मौका भी मिला। वायुसेना के जांबाज पायलटों ने न सिर्फ बच्चों से बातचीत की, बल्कि उनके सवालों के जवाब भी दिये और जमकर उनका हौसला बढ़ाया। उपायुक्त श्री भजंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के मन में देशभक्ति का बीज बोया जाता है। जब वे वायुसेना के अनुशासन, साहस और समर्पण को करीब से देखते हैं, तो वे जीवन में बड़ा सपना देखने और उसे साकार करने की हिम्मत जुटाते हैं।



## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने एयर शो में सहयोग के लिए रांची प्रशासन को बधाई दी

# वायु सेना के शौर्य को रांची की जनता ने करीब से देखा : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के सभी स्कूल प्रबंधक एवं कॉलेज के प्राचार्य सहित रांची के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी रांची के उपयुक्त को सफल आयोजन में सहयोग लिए धन्यवाद दिया। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा कि रांची में पहली बार एयर शो आयोजित हो रहा है। भारतीय सेवा के प्रति बच्चे जागरूक हों, अपने जीवन का गोल सेट कर सकें, अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को जान सके, इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन रांची में किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे, एनसीसी के बच्चों का उत्साह देखने लायक था। एयरफोर्स के जांबाज पायलटों द्वारा अद्भुत प्रदर्शन किया गया। जिसे रांची की जनता ने पहली बार अपने शहर में देखा।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in



हम भर्ती कर रहे हैं!
ट्रेलर चालक
प्रतिस्पर्धी वेतन.
आधुनिक, सुव्यवस्थित बेड़ा.
स्वास्थ्य बीमा.
सहायक टीम और उत्कृष्ट कार्य सहायक.
आवश्यकताएं: • वैध वाणिज्यिक चालक लाइसेंस (सीडीएल). • ट्रेलरों के साथ सिद्ध अनुभव.
गढ़चिरोली, महाराष्ट्र
8551934379 (चंद्रपुर ऑफिस), 8767033840, 9529582057


## मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, बाबूलाल कर रहे हैं निम्न स्तर की बात

# सुदिव्य ने कहा, हफीजुल के बयान पर कोर्ट जाये विपक्ष





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया। जिसको लेकर सूबे की सियासत गर्मा गयी है। इसका जवाब सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने दिया है।

गिरिडीह में पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि 'मैं देख रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी और बाबूलाल मरांडी का राजनीतिक स्तर गिर चुका है। बाबूलाल निम्न स्तर की बात कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी देश के पहले कृषि मंत्री हैं। उनसे पूछना चाहिए कि वे कहां गये थे और किन-किन लोगों के साथ गये थे। शिबू सोरेन और फुरकान अंसारी ने राज्य लिया अब बाबूलाल बतायेंगे क्या कि मुख्यमंत्री कहां जायेंगे'।

**मंत्री इरफान अंसारी और सुदिव्य कुमार का बयान :** इसके अलावा मंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर मुझे जानकारी है कि मुख्यमंत्री जहां गये हैं वह हाइटेक सिटी है। वहां से नयी चीजों को लाना चाहते हैं। वैसे भाजपा ने कुछ किया नहीं सिर्फ गुमराह किया है और आलोचना की है। जिस स्तर से भाजपा के लोग बातें कर रहे हैं मुझे काफी खराब लग रहा है। विदेश जाने से पहले सीएम से आगे योजना पर बात हुई। कहां उद्योग लगाना है, कैसे रोजगार बढ़ाना है इनपर बात हुई।

**'मतिभ्रम के शिकार हैं भाजपा के लोग' :** दूसरी तरफ हफीजुल अंसारी के बयान को लेकर भाजपा के धरना प्रदर्शन पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी प्रतिक्रिया दी है। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मतिभ्रम की शिकार हो गयी है। 2024 के विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने उनको जोर का झटका इतने धीरे से दिया है कि वे भूल गये हैं कि अपने मंत्रिमंडल में सहयोगियों को नियुक्त करने का अधिकार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि वैसे मंत्री हफीजुल अंसारी का बयान अगर देश के संविधान या देश के कानून के विरुद्ध है तो वे सक्षम न्यायालय में जाने को स्वतंत्र हैं। बाकी मंत्री रखना या नहीं रखना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है, भाजपा इस मामले में निर्देश नहीं दे सकती।


ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT | NET | JPSC
J-TET | C-TET | TGT | NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com



HOTEL RAMA
AC & NON- AC ROOMS
Booty More | Government Wine Shop | Kokar Chowk
Curesta Hospital | Jharkhand Cancer Center | Samford Hospital
HOTEL RAMA
BOOK NOW 7667855282 9693591164
Add.- H.B. Road, Dipatoli, Near Jharkhand Cancer Center, Kokar, Ranchi



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815



EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरुआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
Contact No. 7903079507, 8092334348



AJ
V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
CERTIFIED GEMS
BIS 916
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114



!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
80 से ज्यादा स्टॉल खाने और एवं खेलने का सारा प्रबंध
डिजनी लैण्ड मेला
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
04:00 PM To 10:00 PM
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw



Shreshtha Soni 7481000333
Google | Justdial | indiamart
RATNA SAGAR
Govt. Regd.
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS
: Our Branches :
Panchwati Plaza, 9-A, Kutchery Road, Ranchi | Mohan Marketing Complex Under Mr. Sanjay Seth Office Ashok Nagar, Ranchi | Chanchal Complex, Beside Petrol Pump, Sadhu Maidan, Kokar, Ranchi



EXPERIENCE
The Joy of Riding
28,000/- Only
Low Cost Maintenance
License Free
Battery Cost Extra
One year warranty
J.K. SALES (Furniture Solutions)
Pillar No.83, In between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazaar, Lakdi Tall, Ranchi.
M.-9386070011, 9386070051






# चैंप स्क्वॉयर के 396 छात्रों का जेइइ मेन 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेइई मेन में चैंप स्क्वॉयर के छात्रों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रांची शहर का मान बढ़ाया। संस्थान के अनवेश शेखर, पियूष कुमार, स्वयं प्रभाकर, तनुश्री, आकांक्षा कुमारी, अनुकृति सिंह, रिषभ झा. शिद्धांत एवं आदित्य ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया। कुल 396 बच्चों ने जेइइ मेन 2025 में सफलता प्राप्त की। अब इन छात्रों ने जेइइ एडवांस की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। इन शिष्यों ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है। उनका मानना है कि चैंप स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन, टेस्ट सिरिज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज, सीआरबीटी ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।

पिछले कई वर्षों के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत 95 रहा है। चैंप स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण हेतु नियमित रूप में सुबह 10:00 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते हैं। जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी सुविधानुसार अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय चैंप स्वॉयर के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद चैंप स्क्वॉयर के द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार रहा है।

संस्थान के सभी निदेशकों ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैंप स्क्वॉयर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी चैंप स्क्वॉर के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों का ज्ञान और उर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

# जेइइ मेन 2025 में द पाठशाला रांची का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेइइ मेन 2025 के परिणामों में दी पाठशाला रांची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था और शहर का गौरव बढ़ाया है। आदित्य आर्यन चौबे ने 99.633 पर्सेंटाइल हासिल कर रांची शहर के टॉपर्स में अपना नाम दर्ज कराया है। इसी प्रकार श्रेया आनंद ने 98.85, शुभांगम ने 98.83, अक्षत विनायक ने 99.06, रूपेश आनंद 98.35, अनुष्का सिंह 98.33 और उत्कर्ष ने 98.05, जुनैद ने 97.81, विनु बर्दन ने 97.77, रिशिका आर्यन ने 97.28, आरव ने 96.52 और अनोल प्रसाद ने 96.03 पर्सेंटाइल प्राप्त किये हैं।




द पाठशाला के डायरेक्टर शिवशंकर ने जानकारी दी कि इस वर्ष कुल 385 छात्रों ने जेइइ मेन 2025 में क्वालिफाई किया है, जिनमें से 59 छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता द पाठशाला की अनुभवी फैकल्टी, प्रभावशाली टेस्ट प्रैक्टिस और छात्रों की मेहनत का नतीजा है। संस्था की यह उपलब्धि झारखंड के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है। द पाठशाला रांची की ओर से सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# जेइइ मेन 2025 में डीपीएस विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**द्रीप्त दिव्यांश पांडेय टॉपर बनकर उभरे**

**18 छात्रों ने 99 और उससे अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त किया है।**

**58 से अधिक छात्रों को 95 और उससे अधिक पर्सेंटाइल मिला**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अद्भुत प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस रांची के छात्रों ने एक बार फिर जेइइ मेन 2025 फाइनल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर द्रीप्त दिव्यांश पांडेय टॉपर बने एवं विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस प्रतिष्ठित परीक्षा में डीपीएस रांची के 18 छात्रों ने 99 एवं उससे अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त किया है।

58 से अधिक छात्रों ने 95 एवं उससे अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त किये हैं एवं 74 से अधिक छात्र 90 और उससे अधिक पर्सेंटाइल हासिल किया है। साथ ही, डीपीएस रांची के 200 से ज्यादा छात्रों ने प्रतिष्ठित जेइइ एडवांस्ड 2025 के लिए क्वालीफाइ किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ आरके झा अत्यंत हर्षित दिखे। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियो के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी।

# सरला बिरला के छात्र जेइइ एडवांस्ड 2025 के लिए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेइइ मेंस 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, सक्षम गोयल ने 99.8748055 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, जबकि शिवम मिश्रा ने 98.8190388 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद ने 98.3317328 पर्सेंटाइल, शान्वी स्नेहल ने 95.9218264 पर्सेंटाइल, अन्वेषा अग्रवाल ने 94.9011624 पर्सेंटाइल, वैष्णवी सिंह ने 94.5856324 पर्सेंटाइल, पलक बागला ने 94.4647915 पर्सेंटाइल, जयवर्धन जायसवाल ने 94.3033857 पर्सेंटाइल, यश कुमार सिंह ने 92.9058737 पर्सेंटाइल, मृत्युंजय अरमान ने 91.2150096 और अभिषेक कुमार आयुष ने 90.1368776 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है।




प्राचार्या परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों, शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के 87 विद्यार्थियों का जेइइ मेन 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेइइ मेन की परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। 87 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए, देश के प्रमुख अभियांत्रिकी संस्थानों में अपना स्थान सुरक्षित किया। विद्यालय के पीयूष कुमार ने 99.37 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार को गौरवान्वित किया है।



| पीयूष कुमार | ऋषभ कुमार चौधरी | सचिन कुमार सजन | अतुल आनंद | सृजन राज गुप्ता | मयंक कुमार साहू |
|---|---|---|---|---|---|
| 99.37 | 99.005 | 98.75 | 95.42 | 93.23 | 92.54 |

इसके साथ ही ऋषभ कुमार चौधरी 99.005, सचिन कुमार सजन 98.75, अतुल आनंद 95.42, सृजन राज गुप्ता 93.23, मयंक कुमार साहू 92.54, पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के शिक्षक, माता-पिता एवं आपके कठिन परिश्रम का परिणाम है। अब आप सभी देश के प्रमुख संस्थानो में प्रवेश लेकर, देश के लिए अपना योगदान दें। साथ ही जेइइ एडवांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के अकादमिक निदेशिका डॉ सिमी मेहता ने इस अनमोल पल को छात्रों के साथ साझा करते हुए कहा कि आप सिर्फ अपने मेहनत पर जोर दें। सफलता खुद आपके कदम चूमेगी। उन्होंने छात्रों को जेइइ एडवांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, अकादमिक समन्वयक रवि शेखर एवं प्रतियोगिता परीक्षा प्रभारी कुमार आशुतोष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छात्रों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी अनुभवी और विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा कराने का परिणाम है।

# 382 एआइआर हासिल कर ब्रदर्स एकेडमी के साहिल आकाश बने टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑल इंडिया रैंक 382 हासिल कर ब्रदर्स एकेडमी के साहिल आकाश टॉपर बने हैं। ब्रदर्स एकेडमी के छात्र, जिन्होंने उक्त परीक्षा में 99 पर्सेंटाइल से अधिक प्राप्त किया है, उनके नाम निम्नांकित हैं : साहिलः 99.98, शौर्यः 99.91, आनंदः 99.87, अभिज्ञः 99.81, रविः 99.78, साकेतः 99.76, तान्याः 99.72, सौम्याः 99.60, आर्यनः 99.60, औनिशः 99.50, अविनवः 99.29, अरीबः 99.22, रिशवः 99.21, मलयः 99.17, एवं अन्य। ब्रदर्स एकेडमी के 400 से अधिक छात्रों ने जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया।





छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय एकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुऐ आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

# लोको पायलटों की वर्किंग कंडीशन में आया है सुधार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** लोको पायलट भारतीय रेल परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनके वर्किंग कंडीशन को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। पिछले 10 वर्षों में लोको पायलटों के सभी रनिंग रूम को वातानुकूलित किया गया है और उन्हें अच्छे से सुसज्जित किया गया है। 2014 से पहले देश का एक भी रनिंग रूम वातानुकूलित नहीं था।



पिछले 10 वर्षों में आधे से ज्यादा लोको केबिनों को एर्गोनोमिक सीटों, वातानुकूलन और अन्य सुधारों के साथ अपग्रेड किया गया है। 2014 से पहले एक भी लोको केबिन वातानुकूलित नहीं थी।

सभी नये लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाये जा रहे हैं। 2014 से पहले यह निर्माण योजना का हिस्सा भी नहीं था। पुराने लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाने के लिए रेट्रोफिटिंग की जा रही है। इसके लिए डिजाइन में संशोधन भी किये जा रहे हैं।

जिन मार्गों पर भारी ट्रैफिक रहता है, वहां नये रनिंग रूम बनाये जा रहे हैं। इन प्रयासों से लोको पायलटो के वर्किंग आवर्स में उल्लेखनीय कमी आयी है।

कोहरे में सुरक्षा के लिए फॉग-सेफ्टी उपकरण, कवच, ड्राइवर अलर्ट सिस्टम और इंप्रूव्ड ब्रेकिंग सिस्टम जैसी तकनीकों से रेलवे सेफ्टी बेहतर हुई है और लोको पायलटों को भी काफी सुविधा मिली है।

ऑनबोर्ड सुविधाएं, उन्नत तकनीकें और रेस्ट के लिए पर्याप्त समय से लोको पायलटों के कार्य वातावरण लगातार बेहतर हुए हैं। मालगाड़ी सबअर्बन ट्रेन और पैसेंजर एवं मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन करने वाले लोको पायलटों के टॉयलेट ब्रेक और स्नेक्स हेतु व्यवस्था रहती है। माल गाड़ियां कई स्टेशनों और यार्ड में रुकती हैं। इन स्टेशनों पर पर्याप्त समय होता है जिससे कर्मचारी शौचालय का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही यह समय नाश्ते के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है।

सबअर्बन और मेट्रो ट्रेनों का परिचालन अल्प दूरी के लिए किया जाता है और इनके चालक दल टर्मिनल स्टेशनों पर शौचालय का उपयोग करते हैं।

पैसेंजर ट्रेनों पर कार्यरत कर्मचारी स्टेशन पर ट्रेन के खड़े रहने के दौरान ट्रेन के शौचालय का उपयोग करते हैं और इस समय का उपयोग नाश्ते के लिए भी करते हैं। स्टेशन के कर्मचारी लोको पायलटों को सदेव सहयोग देते हैं। लोको पायलटों को वॉकी टॉकी की सुविधा भी दी गयी है इसके द्वारा वह स्टेशन कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW




# छात्रों के हित में संवेदनशील बनें राज्यपाल : बंधु तिर्की

**झारखंड में विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबंधित कॉलेजों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में उच्च शिक्षा की स्थिति निरंतर बदहाल होती जा रही है और यह गंभीर चिंता की बात है। बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में राजधानी रांची से लेकर विविध जिले और प्रखंड स्तर तक बेहतर उच्च शिक्षा के लिए सभी कॉलेजों में पठन-पाठन, शिक्षकों एवं गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरना और शैक्षणिक वातावरण को सुधारना सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी झारखंड में विभिन्न विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेजों में स्थिति यहां तक परेशान करनेवाली है कि शिक्षकों के अधिकांश पद खाली पड़े हैं और अध्ययन-अध्यापन का कार्य बहुत हद तक बाधित है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय से संबद्ध सिमडेगा कॉलेज, मांडर कॉलेज, कार्तिक उरांव कॉलेज बेड़ो सहित अधिकांश महाविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है और मुख्य विषयों के साथ ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में भी शिक्षकों के नहीं रहने के कारण पढ़ाई-लिखाई बाधित है। बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड गठन के बाद पिछले 25 साल में प्रदेश में उच्च शिक्षा की स्थिति में निरंतर ह्रास होता जा रहा है और अब स्थिति यह है कि छात्र-छात्राओं में निराशा की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है और उनमें दूसरे प्रदेशों में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 साल में यदि उच्च शिक्षा की स्थिति संतोषजनक होती तो आज झारखंड की तस्वीर भी कुछ और ही होती।

उच्च शिक्षा के हित में वर्तमान राज्यपाल की भूमिका की आलोचना करते हुए तिर्की ने कहा कि राज्यपाल को झारखंड में बेहतर उच्च शिक्षा के वातावरण को कायम करने के लिए अपनी सकारात्मक और सहयोगात्मक भूमिका का निर्वहन करना चाहिए न कि राज्य सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा में बेहतर वातावरण के लिए उठाये जा रहे कदमों के आगे असहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए। कहा कि रांची विश्वविद्यालय में नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं होने के मामले में झारखंड च्च न्यायालय द्वारा लिया गया संज्ञान स्वागत योग्य है और इस संदर्भ में झारखंड क सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति के मामले में अपनी गति को बढ़ाना चाहिए ताकि उसका सटीक परिणाम जमीन पर नजर आये।




# लखनऊ ने राजस्थान को 2 रन से हराया

## आवेश खान ने आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किये, मार्करम-बडोनी की फिफ्टी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयपुर।** लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को आइपीएल के रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किये और लखनऊ को जीत दिलायी। आवेश ने 3 विकेट लिये। ऐडन मार्करम और आयुष बडोनी दोनों ने फिफ्टी लगायी। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाये। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल ने 74 रन बनाये। वनिंदू हसरंगा को 2 विकेट मिले।

**आवेश ने आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किये :** राजस्थान रॉयल्स को आखिरी ओवर में 9 रन बनाने थे। टीम से ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर पिच पर थे। आवेश पहली गेंद पर 1 और दूसरी गेंद पर 2 रन दिये। उन्होंने तीसरी गेंद पर हेटमायर को कैच करा दिया। चौथी गेंद डॉट रही। आवेश ने फिर पांचवीं गेंद पर 2 रन दिये। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे, आवेश ने 1 ही रन दिया और अपनी टीम को 2 रन से मैच जिता दिया।

**14 साल के वैभव सूर्यवंशी का दमदार डेब्यू :** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इस मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने अपना आइपीएल डेब्यू किया। वो आइपीएल इतिहास में डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गये हैं। अपने डेब्यू में उन्होंने 20 गेंद में 34 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 2 चौके और 3 छक्के लगाये।

# विहिप और बजरंग दल का राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन

**बंगाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल रांची महानगर, रांची ग्रामीण जिला एवं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और सभी समविचारी हिंदू संगठनों के तत्वावधान में राजभवन के समक्ष धरना दिया गया। पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा पर आक्रोश व्यक्त करते हुए हिंदुओं की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की गयी।

उपस्थित वक्ताओं ने कहा बंगाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सैकड़ों हिंदू परिवार मुर्शिदाबाद एवं अन्य जिलों से पलायन कर रहे हैं उनमें एक भय का माहौल व्याप्त है। वर्तमान ममता सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थ है।

कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अतः विश्व हिंदू परिषद ममता सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करती है। धरना कार्यक्रम के बाद पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त रांची के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय रांची में जाकर सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में विहिप महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी, उपाध्यक्ष गोपाल पारिख, रांची ग्रामीण जिला मंत्री लाल लोकनाथ शाहदेव, बजरंग दल जिला संयोजक विक्रम साहू एवं अनिल तिवारी थे। धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन, युगल किशोर प्रसाद, पवन मंत्री, राजीव रंजन मिश्र, सिद्धार्थ सचदेवा, चंद्रदीप दुबे ,शुभाशीष चटर्जी ,योगेश खेडवाल, अजय राजगढ़िया, प्रदीप मिश्रा, प्रकाशचंद्र सिन्हा, रणधीर सिंह, रेनू अग्रवाल, बबीता सिंहा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# रिम्स निदेशक को हटाये जाने के मामले में हो सीबीआइ जांच: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रिम्स निदेशक के हवाले से आयी खबरों से पता चल रहा है कि जीबी की बैठक में उनपर हेल्थमैप और और मेडाल को अनुचित भुगतान करने का मौखिक दवाब बनाया जा रहा था। जबकि एजी की ऑडिट में इसपर आबजेक्शन किया जा चुका है। दलित समुदाय से आने वाले इस प्रतिभावान रिम्स निदेशक को अपमानित एवं प्रताड़ित कर बिना कारण पूछे एवं अपना पक्ष रखने का मौका दिये बगैर अकस्मात हटाने की यह बड़ी वजह बनी। सरकार में अगर हिम्मत है तो इस मामले की जांच सीबीआइ से कराने का आदेश देकर सच्चाई को सामने आने दें।

**काली कमाई का हिस्सा ऊपर तक जाता है : बाबूलाल** ने कहा कि चाहे पथ निर्माण विभाग हो या भवन निर्माण विभाग। ग्रामीण विकास विभाग हो या पेयजल विभाग। इन जैसे सारे कामकाजी विभागों में कहने के लिए तो ठेके-पट्टे देने एवं भुगतान करने के लिए विभागीय कमेटियां बनी हुई हैं। लेकिन कामकाजी कमाऊ विभागों में ठेकेदारों का चयन, कार्य आवंटन, भुगतान से लेकर कार्य आवंटन के बाद अतिरिक्त काम के नाम पर एकरारनामा की राशि बढ़ाकर, बढ़ी हुई राशि की बंदरबांट कराने का काम सत्ताधारियों की मिलीभगत से विभागीय सचिवों के मौखिक निर्देश एवं दवाब पर ही संचालित एवं नियंत्रित किया जाता रहा है और इससे जो काली कमाई होती है उसका हिस्सा ऊपर तक जाता है।

**गोरखधंधे में नीचे के पदाधिकारी हो जाते हैं दंडित :** बाबूलाल ने कहा कि इस गोरखधंधे में पकड़े जाने पर बेचारे नीचे के पदाधिकारी दंडित हो जाते हैं। जो अधिकारी सचिवों के कहने पर गलत काम करने से आनाकानी करते हैं, उन्हें रिम्स निदेशक राजकुमार की तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

# डॉ राजकुमार को रिम्स निदेशक पद से हटाये जाने से दलित समाज आहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार को बिना कोई स्पष्टीकरण के उन्हें पद से हटाने पर अनुसूचित जाति समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक, रामलगन राम, युवराज पासवान, मुकेश नायक, इंद्रजीत मिर्धा, संतोष रवि ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। काह कि यह कार्रवाई न केवल एक योग्य और प्रतिष्ठित चिकित्सक पदाधिकारी का अपमान है, बल्कि पूरे दलित समाज के आत्मसम्मान पर आघात है। उन्होंने सत्ताधारी दल का दलित विरोधी चेहरा करार देते हुए कहा कि यह घटना कोई पहली नहीं है। पूर्व में भी राज्य प्रशासनिक सेवा के कई दलित पदाधिकारियों के साथ सरकार की दोहरी नीति और भेदभावपूर्ण रवैया सामने आती रही है। साथी सरकार ने पूर्व में रांची नगर निगम महापौर की सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित सीट को भी बदल कर दलित समाज का अपमान किया था। वर्षों से अनुसूचित जाति आयोग को खाली रख कर अनुसूचित जाति के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कहा कि रिम्स के पूर्व निदेशक डॉ राजकुमार के साथ हुए व्यवहार से दलित समाज आहत एवं आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि निदेशक के शक्ति एवं इमानदारी के चलते हटाया गया। उन्होंने कहा कि आगे आंदोलन की रूपरेखा समाज की बैठक में तैयार करेगी।

# 152वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 152वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डु गोपालजी, शालिग्रामजी और गरुड़जी का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। इसमें लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया, जिसमें इडली, चटनी, उपमा, केसरिया जलेबी, मसाला शिकंजी, बिस्किट और खीर-चूरमा शामिल थे। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा आदि ने सहयोग किया। मंगलवार को 150वां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा।

# मधुमिता कुमारी की शादी में शामिल हुए सुदेश, दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और एशियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट मधुमिता कुमारी ने अपने पारिवारिक जीवन की नयी शुरुआत की। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने मधुमिता कुमारी के विवाह समारोह में शामिल होकर अपनी शुभकामनाएं दीं। मधुमिता कुमारी ने तीरंदाजी में प्रदेश और देश का नाम रौशन किया है। सुदेश महतो ने मधुमिता कुमारी को उनके नये जीवन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश राम, शिशिर महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह एफसीएस रोहित प्रकाश प्रीत, शशि भूषण, मीडिया प्रभारी सोनू अग्रहरी ने भी मधुमिता कुमारी के सुखी जीवन की कामना की।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल स्कूल की 11वीं वर्षगांठ मनी

# जब स्त्री शिक्षा प्राप्त करती है, तो परिवार और समाज शिक्षित होता है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह




**रांची (आजाद सिपाही)।** डोमचांच में शनिवार को मंजुला शर्मा मेमोरियल स्कूल की 11वीं वर्षगांठ पूर्व प्रोफेसर केपी शर्मा की अध्यक्षता में मनायी गयी। इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरही विधायक मनोज यादव और पूर्व आइजी सह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण प्रसाद सिंह थे। इस मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत कर समाज और व्यक्ति के जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। महिला शिक्षा पर विशेष बल देते हुए श्री सिंह ने कहा कि जब एक पुरुष शिक्षा प्राप्त करता है, तो एक पुरुष शिक्षित होता है, वहीं जब एक स्त्री शिक्षा प्राप्त करती है, तो पूरा कुल और समाज शिक्षित होता है। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# टीआरएल संकाय में डॉ रोज केरकेट्टा के निधन पर शोकसभा आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)।** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, रांची विश्वविद्यालय में डॉ रोज केरकेट्टा के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकाय के शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और छात्रों ने डॉ केरकेट्टा की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा कि डॉ रोज केरकेट्टा विचार और संघर्ष की जीती-जागती मिसाल थीं। डॉ केरकेट्टा की कहानियां और कविताएं झारखंड की जीवंत सामाजिक सच्चाइयों और जनविमर्श की गूंज रही हैं। डॉ दमयंती सिंकू ने कहा कि डॉ केरकेट्टा का निधन झारखंड की साहित्यिक धरती और आदिवासी समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। डॉ दिनेश कुमार दिनमणि ने कहा कि डॉ केरकेट्टा आने वाली पीढ़ियों के लिए संघर्ष, विचार और अभिव्यक्ति की प्रतीक बनी रहेंगी। शोक सभा में संकाय के विभिन्न विभागों के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसआर डीएवी पुंदाग में बहुमुखी प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**रांची (आजाद सिपाही)।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में एक विशेष सभा आयोजित करके बहुमुखी प्रतिभा के धनी विद्यार्थियों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। उक्त सभा में कक्षा तृतीय से नवम तक के जिन विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये और जिन्होंने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। साथ ही गणित, विज्ञान और हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का परिचय देनेवाले, वीवीएम परीक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने सभी प्रतिभाओं और उनके मार्गदर्शकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# अडाणी पावर प्लांट में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**गोड्डा (आजाद सिपाही)।** अडानी पावर (झारखंड) लिमिटेड के प्लांट परिसर में 14 अप्रैल से 19 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कंपनी के फायर डिपार्टमेंट की ओर से प्लांट परिसर सहित आसपास के गांवों में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। बक्सरा गांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बक्सरा पंचायत की मुखिया पुनिता देवी, ओम कुमार, मनोहर हरि, संतोष ठाकुर, मनेस यादव, महेश मंडल और कंपनी के सेफ्टी अफसर नवनीत कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# झारखंड राज्य यूनियन ऑफ गोजा-रीयू कराटे ऑर्गनाइजेशन की हुई आमसभा



आजाद सिपीह संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य यूनियन ऑफ गोजा-रीयू कराटे ऑर्गनाइजेशन की आम सभा शनिवार को रांची स्थित होटल जेपी रेसीडेंसी में हुई। इस बैठक में पिछले एक साल के कार्यों की समीक्षा की गयी और भविष्य में कराटे से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी। बैठक में प्रमुख रूप से नेशनल फेडरेशन के अध्यक्ष शीहान धीरज पवार और महासचिव सेंसाई सैयद मोजीब उद्दीन की उपस्थिति रही। इन दोनों के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से शीहान पूनम कुमारी सिंह को अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही, अन्य पदों पर भी चुनाव हुए, जिनमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गये। वरिष्ठ उपाध्यक्षः एस. सबाउद्दीन, महासचिवः रोंसाई जोया फातीमा, सचिवः सेंसाई मीठू रॉय, कोषाध्यक्षः सेंसाई धीरज कुमार, सहायक कोषाध्यक्षः सेंसाई जीतेंद्र पांडेय, सदस्यः संदाई अरून कुमार ठाकुर को चुना गया। नेशनल फेडरेशन के अध्यक्ष शीहान, धीरज पवार और महासचिव सैयद मोजीब उद्दीन ने सभी नये चुने गये पदाधिकारियों को बधाई दी और आगामी गोजू-रयू कराटे विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारत को पदक दिलाने के लिए संस्था के सभी सदस्याओं से सहयोग की अपील की। बैठक के अंत में, सभी ने मिलकर संस्था के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के आयोजन के जरिए राज्य में कराटे के स्तर को और ऊंचा करने का संकल्प लिया।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में पिकलबॉल कोर्ट का भव्य उद्घाटन

**यह नयी पहल स्कूल में छात्रों के समय विकास की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देने वाले शारदा ग्लोबल स्कूल ने शनिवार को अपने परिसर में एक अत्याधुनिक पिकलबॉल कोर्ट का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक दीपक बंका द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में स्कूल के प्रबंध, शिक्षकों, छात्रों की भारी उपस्थिति देखी गयी। यह नयी पहल स्कूल में छात्रों के समय विकास की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है। शारदा ग्लोबल स्कूल पहले से ही विभिन्न खेलों में छात्रों को प्रशिक्षित कर रहा है और यह नयी सुविधा उसी विजन का हिस्सा है। छात्रों ने भी कोर्ट के उद्घाटन को लेकर खासा उत्साह दिखाया और कहा कि उन्हें एक नया और मजेदार खेल सीखने का अवसर मिला है। पिकलबॉल एक ऐसा रैकेट स्पोर्ट है जो टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण है। यह खेल अमेरिका में शुरू हुआ था, लेकिन अब भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। पिकलबॉल एक आयताकार कोर्ट पर खेला जाता है जो बैडमिंटन कोर्ट के आकार का होता है। इसमें एक नेट होता है जो टेनिस नेट से थोड़ा नीचा होता है। खिलाड़ी लकड़ी या कंपोजिट मटेरियल से बने छोटे रैकेट (जिसे पैडल कहा जाता है) और एक प्लास्टिक बॉल (जिसमें कई छोटे-छोटे छेद होते होते हैं) से खेलते हैं। पिकलबॉल सिंगल्स या डबल्स दोनों तरह से खेला जा सकता है। सर्विस हमेशा नीचे से की जाती है। गेंद को एक बार बाउंस होने देना होता है, फिर उसे मारा जा सकता है (डबल बाउंस नियम)। एक खास नो-वॉली जोन होता है जिसे किचन कहा जाता है, जिसमें खिलाड़ी सीधे वॉली (बिना बाउंस के शॉट) नहीं मार सकते।

# रिम्स निदेशक को हटाने को जातिगत मामला न बनायें बाबूलाल : कांग्रेस

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स निदेशक को हटाने पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से सरकार की आलोचना को प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने गलत बताया है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को रिम्स निदेशक को हटाने के मामले को जातिगत मामला नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबूलाल को राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से पहले यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में भ्रष्टाचार की गंगोत्री का उद्गम उनके कार्यकाल में ही शुरू हुआ।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से भ्रष्टाचार पर किया गया प्रहार भाजपा के गले नहीं उतर रहा है। सरकार के फैसले के विपरीत रिम्स निदेशक के कार्यकलाप थे, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही थीं।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र सं.- 0643 दिनांक: 18 जनवरी 2025 के अनुसार मैं, परमेश्वर प्रसाद, पिता स्व. सोहर यादव, निवास स्थान ग्राम-दुमूहान, पो.-लालपुर, थाना-कौवाकोल, जिला- नवादा, राज्य- बिहार, वर्तमान पता अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी, पो.- अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला-रांची, झारखंड का निवासी हुं। शपथ पूर्वक ब्यान करता हुं कि:-

1. यह है कि मैं भारतीय नागरिक हूँ।
2. यह है कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
3. यह है कि मेरी पुत्री का सही नाम शिवांगी कुमारी है जिनका सही जन्म तिथि- शिक्षा प्रमाण पत्र में 25.04.2007 ई. दर्ज है।
4. यह है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं.- 2225 7880 0647 में जन्म तिथि-11.05.2005 ई. दर्ज है जो कि गलत है।
5. यह है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम सुषमा कुमारी दर्ज है।
6. यह कि मेरी पुत्री शिवांगी कुमार तथा आधार कार्ड में सुषमा कुमारी है जो कि दोनों नाम मेरी पुत्री का नाम है तथा दोनों नाम से जानी एवं पहचानी जाती है जो कि दोनो नाम एक ही व्यक्ति (महिला) का नाम है।
7. यह है कि मैं यह शपथ पत्र अपनी पुत्री के आधार कार्ड में सही नाम-शिवांगी कुमारी दर्ज करवाने हेतु दे रहा हूँ।
8. यह है कि उपर वर्णित सभी बातें मेरे जानकारी में सत्य एवं सही है।

# सुप्रीम कोर्ट पर उपराष्ट्रपति धनखड़ की टिप्पणियां

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट पर की गयी टिप्पणियों ने कार्यपालिका और विधायिका के बीच के टकराव को सार्वजनिक कर दिया है। जजों की नियुक्ति का मामला हो या संविधान की व्याख्या -मतभेद पहले भी रहे हैं। लेकिन, पहली बार संवैधानिक पद पर बैठे किसी जिम्मेदार ने इतनी तल्ख बातें की हैं। जिस मंच का इस्तेमाल किया गया, वह भी सही नहीं था। इससे किसी बदलाव की उम्मीद कम, बेकार की बहस बढ़ने का अंदेशा ज्यादा है।

फैसले का संदर्भः शीर्ष अदालत ने हाल में एक मामले की सुनवाई करते हुए राज्यपालों के अलावा राष्ट्रपति के लिए भी विधेयक पास करने की समय-सीमा तय कर दी है। उपराष्ट्रपति की टिप्पणियां उसी संदर्भ में थीं। उनका सबसे सख्त ऐतराज इस पर बात पर रहा कि सुप्रीम कोर्ट देश के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकता। उपराष्ट्रपति धनखड़ संवैधानिक पद पर हैं और जब वह ऐसी बात करते हैं, तो टकराव बढ़ता है।

**पूर्ण न्याय का रास्ताः** उपराष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 142 को लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ न्यूक्लियर मिसाइल बताया है। यह अनुच्छेद रउ को विशेष अधिकार देता है। जब पूर्ण न्याय के लिए कोई और रास्ता नहीं बचता, तब सुप्रीम अदालत इस अनुच्छेद से मिली पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल करती है। इसे किसी संवैधानिक संस्था के खिलाफ हथियार नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह उम्मीद का दरवाजा है।

**उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' कहा, अनुच्छेद 145 (3) में संशोधन की वकालत की। यह अनुच्छेद तय करता है कि संविधान से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ का गठन किस तरह किया जायेगा।**

**संवैधानिक टकराव :** उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को 'सुपर संसद' कहा, अनुच्छेद 145 (3) में संशोधन की वकालत की। यह अनुच्छेद तय करता है कि संविधान से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ का गठन किस तरह किया जायेगा। ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां जनता में भ्रम पैदा कर सकती हैं, अविश्वास का माहौल बनता है।

**जवाबदेही की चिंता :** उपराष्ट्रपति की कुछ चिंताएं अपनी जगह सही हैं। उन्होंने दिल्ली हाइकोर्ट के एक न्यायाधीश के घर से मिले नोटों के जले हुए बंडल का जिक्र किया और जवाबदेही की बात उठायी। देश के नागरिक के तौर पर उनकी चिंता और सवाल जायज हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे पारदर्शिता बढ़े और न्यायपालिका पर भरोसा कायम रहे। हालांकि बतौर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी टिप्पणियों से बच सकते थे। आज के राजनीतिक माहौल में उनसे ज्यादा संतुलित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**शिकागो की ऐतिहासिक विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद का ऐतिहासिक भाषण हुआ। विश्व के सभी धर्मों के विद्वानों की दस हजार प्रतिनिधियों की सभा में स्वामी विवेकानंद के भाषण से एक ऐतिहासिक प्रभाव हुआ। सभी धर्म के नेता अपने-अपने धर्म की विशेषता बता कर यह कह रहे थे कि मुक्ति प्राप्त करने के लिए उनके धर्म में आना पड़ेगा। स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में कहा कि भारतीय धर्म के अनुसार किसी को अपना धर्म छोड़ने की आवश्यकता नहीं है।**

# स्वामी विवेकानंद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

शांता कुमार



**दोनों महापुरुषों के जीवन का गहरा अध्ययन करने के बाद मेरा यह अटल विश्वास है कि स्वामी विवेकानंद के अधूरे काम को पूरा करने के लिए ही डॉ हेडगेवार आये और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई। भारत बदल रहा है। गुलामी की निशानियां धीरे-धीरे समाप्त हो रही हैं। धारा 370 समाप्त हो गयी। 500 साल के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया।**

विश्व इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता, जहां किसी साधक ने घर-बार परिवार सब कुछ मोक्ष प्राप्त करने के लिए त्याग दिया हो। परंतु मातृभूमि की गुलामी और गरीबी को देख कर उस मोक्ष को भी मातृभूमि की सेवा के लिए छोड़ दिया हो। ऐसा एक मात्र व्यक्तित्व स्वामी विवेकानंद का है। अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के आदेश के अनुसार जब गुरु की मृत्यु के बाद स्वामी विवेकानंद पूरे भारत में घूमे और मातृभूमि की गुलामी और गरीबी की दुर्दशा को देखा, तो यात्रा के अंत में कन्याकुमारी की उस शिला पर 3 दिन तक चिंतन मनन करने के बाद ऐतिहासिक घोषणा की- हे प्रभु नहीं चाहिए मुझे मोक्ष, जब तक मेरी मातृभूमि का प्रत्येक व्यक्ति भर पेट भोजन नहीं कर लेता और भारत गुलामी से मुक्त नहीं हो जाता तब तक मैं बार-बार जन्म लूं और मातृभूमि की सेवा करूं।

शिकागो की ऐतिहासिक विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद का ऐतिहासिक भाषण हुआ। विश्व के सभी धर्मों के विद्वानों की दस हजार प्रतिनिधियों की सभा में स्वामी विवेकानंद के भाषण से एक ऐतिहासिक प्रभाव हुआ। सभी धर्म के नेता अपने-अपने धर्म की विशेषता बता कर यह कह रहे थे कि मुक्ति प्राप्त करने के लिए उनके धर्म में आना पड़ेगा। स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में कहा कि भारतीय धर्म के अनुसार किसी को अपना धर्म छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। जिस प्रकार सभी नदियां अपने-अपने रास्ते से चल कर एक समुद्र में पहुंचती हैं, ठीक उसी प्रकार सभी धर्म एक ही ईश्वर के पास पहुंचते हैं। सब धर्म का ईश्वर एक है, रास्ते अनेक हैं, परंतु मंजिल एक है। विश्व भर के विद्वानों पर स्वामी विवेकानंद के भाषणों का बहुत अधिक प्रभाव हुआ।

**स्वामी विवेकानंद और डॉ हेडगेवार के सपनों का भारत बन रहा है।**

अमेरिका के प्रसिद्ध समाचार पत्र न्यूयार्क हेरल्ड के मुख पृष्ठ पर स्वामीजी का चित्र छाप कर साथ में यह लिखा था - विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद सबसे अधिक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं उनके भाषण सुन कर हम सोचते हैं कि इतने विद्वान देश भारत में धर्म प्रचारक भेजना कितनी मूर्खता की बात है।

स्वामीजी ने भारत में आकर मातृभूमि की सेवा के लिए सबसे पहले गुलामी की नींद में सोए हुए भारत को जगाने की कोशिश की। उनके भाषणों से पूरे भारत में एक नयी जागृति आयी।

पंडित जवाहर लाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद ने स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठ भूमि तैयार की। उन्होंने कहा है कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के संस्थापक स्वामी विवेकानंद थे। स्वामी विवेकानंद सबसे अधिक बार-बार यह कहते थे मनुष्य और केवल मनुष्य। चरित्रवान देश भक्त ब्रज की तरह धमनियों वाले भारत के लिए सबसे पहले ऐसे मनुष्यों की आवश्यकता है। बाकी सब हो जायेगा। स्वामी विवेकानंद ने गुलामी की नींद में सोये हुए भारत को जगाने का ऐतिहासिक काम किया और मनुष्य निर्माण की एक व्यापक योजना बना कर पूरे देश में घूमने लगे। दुर्भाग्य से उनका स्वास्थ्य खराब हो गया और 39 वर्ष की आयु में ही उनका स्वर्गवास हो गया।

जीवन के अंतिम दिनों में वे बार-बार कहा करते थे मनुष्य निर्माण करके एक स्वाभिमानी भारत का सपना पूरा करने का मुझे मौका नहीं मिला, परंतु मुझे विश्वास है कि इस काम को पूरा करने के लिए कोई और आयेगा और भारत जागेगा और विश्व गुरु बनेगा। मैं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का बचपन से स्वयं सेवक हूं। संघ को पढ़ा है और जिया भी है। ठीक उसी प्रकार मैंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन का भी गहरा अध्ययन किया है।

जीवन के अंतिम समय पर विवेकानंद ने यह विश्वास प्रकट किया था कि उनके मनुष्य निर्माण के काम को पूरा करने के लिए कोई और आयेगा। स्वामी विवेकानंद एक दैवी पुरुष थे। उनके जीवन की उस अंतिम अनुभूति को पूरा करने के लिए ही डॉ हेडगेवार का जन्म हुआ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई।

दोनों महापुरुषों के जीवन का गहरा अध्ययन करने के बाद मेरा यह अटल विश्वास है कि स्वामी विवेकानंद के अधूरे काम को पूरा करने के लिए ही डॉ हेडगेवार आये और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई। भारत बदल रहा है। गुलामी की निशानियां धीरे-धीरे समाप्त हो रही हैं। धारा 370 समाप्त हो गयी। 500 साल के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया। ऐतिहासिक कुंभ मेले का ऐतिहासिक आयोजन हुआ। नया वक्फ बिल पास हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक राष्ट्र एक चुनाव तथा पूरे देश में कॉमन सिविल कोड के ऐतिहासिक सपने को बहुत जल्दी पूरा करने वाले हैं।

आजकल संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने का समारोह मनाया जा रहा है। विश्व इतिहास में किसी भी देश में संघ की तरह का कहीं कोई संगठन नहीं हुआ। भारत जैसे बड़े देश में गांव-गांव में पहुंच कर संघ ने अपनी शाखा पद्धति से व्यक्ति निर्माण किया, चरित्र निर्माण किया। समाज के हर प्रकार के हर क्षेत्र में अपने संगठन की स्थापना की और पूरे देश में देश भक्त चरित्रवान युवकों का एक बहुत बड़ा समूह खड़ा किया। आज बहुत से प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक और उसके अलावा अन्य भी बहुत से महत्वपूर्ण पदों पर संघ के कार्यकर्ता आसीन हैं। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद यह ऐसा स्थान कभी किसी को नहीं मिला था।

आज भाजपा अपने विकास की चरम सीमा पर है। दूर-दूर तक कोई विकल्प नहीं है। स्वामी विवेकानंद और डॉ हेडगेवार के सपनों का भारत बन रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी मिलकर भारत की एक महा शक्ति बन कर उभरे हैं। इनका कोई विकल्प नहीं है। भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर 2047 में पूर्ण विकसित भारत विश्व में प्रकाशमान होगा।

**(लेखक : पूर्व मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के 11 मेडिएटर्स को मिला उत्कृष्टता प्रमाण पत्र

# मेडिएशन न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाने का प्रभावी माध्यम : जस्टिस अनिल कुमार मिश्रा

- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया सम्मानित
- न्याय प्रणाली को सुलभ बनाने का किया आह्वान



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सुप्रीम कोर्ट की मेडिएशन एंड काउंसिलेशन प्रोजेक्ट कमेटी द्वारा जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के 11 प्रशिक्षित मेडिएटर्स को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शनिवार को एक सादे समारोह के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा (वन) के द्वारा प्रशिक्षित मेडिएटर्स के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सम्मानित मेडिएटर्स में अजीत कुमार, अमिताभ कुमार, निर्मलेंदु बनर्जी, प्रीति मुर्मू, सोमा दास, कृष्णा प्रसाद, मौसमी चौधरी, सुनील कुमार सिंह, जावेद आलम खान, बेबी कुमारी और दिनेश प्रसाद शुक्ला शामिल रहे। अन्य अनुपस्थित मेडिएटर्स को बाद में प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी मेडिएटर्स को बधाई देते हुए कहा मेडिएशन न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव को आम जनता को न्याय दिलाने में उपयोग करने व वैकल्पिक विवाद समाधान की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। समारोह में डालसा के प्रधान सहायक संजय कुमार, रवि मुर्मू समेत कई उपस्थित रहे।

# नवल टाटा हॉकी एकेडमी में बायो गैस प्लांट का चाणक्य चौधरी ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने सतत विकास और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की। शनिवार को टाटा स्टील यूआइएसएल ने जमशेदपुर के नवल टाटा हॉकी एकेडमी में अत्याधुनिक बायो गैस प्लांट का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने फीता काटकर बायो गैस प्लांट का उद्घाटन किया।

वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने कहा बायो गैस प्लांट में एकेडमी परिसर से उत्पन्न जैविक कचरे का उपयोग कर उसे स्वच्छ बायो गैस में परिवर्तित करेगा। इससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। प्लांट से उत्पादित गैस का उपयोग एकेडमी में खाना पकाने और अन्य कार्यों में किया जायेगा, जिससे ऊर्जा की उल्लेखनीय बचत संभव होगी। उन्होंने कहा नवल टाटा हॉकी एकेडमी टाटा ट्रस्ट्स और टाटा स्टील की साझेदारी में संचालित है। यहां न प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करती, बल्कि इस हरित पहल के माध्यम से स्वच्छ और टिकाऊ पर्यावरण के निर्माण में योगदान दे रही है।

# विधायक पूर्णिमा साहू ने देवनगर का किया दौरा, राहत सामग्री वितरित की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने देव नगर गांधी आश्रम का शनिवार को दौरा किया। मौके पर टाटा स्टील यूआइएसएल की वॉटर पाइप फटने से हुए जल हादसे का निरीक्षण किया।विधायक ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और खाद्य सामग्री का वितरण किया। उन्होंने टैंकर के माध्यम से नियमित जलापूर्ति और शीघ्र पुनर्वास का आश्वासन दिया। साथ ही टाटा स्टील यूआइएसएल से तकनीकी जांच व भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। मौके पर भाजपा नेता पवन अग्रवाल, रंजीत सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

# सीमांकन को लेकर आदिवासी कल्याण समिति की 65 डिसमिल जमीन पर विवाद



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में आदिवासी कल्याण समिति की 65 डिसमिल जमीन के सीमांकन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। शनिवार को आदिवासी महिला लुस्की सोरेन ने पश्चिमी भाग में हो रहे सीमांकन पर आपत्ति जतायी। उन्होंने झोपड़ी को अपने पूर्वजों की संपत्ति बताते हुए विरोध दर्ज कराया। मौके पर समिति ने अपने दस्तावेजों के आधार पर सीमांकन प्रक्रिया को सही ठहराया। वहीं लुस्की सोरेन ने मकान को घेरा से बाहर रखने की मांग की। विवाद को लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे, जहां यथास्थिति बनाए रखने और आपसी बातचीत से समाधान निकालने की बात कही गई।फिलहाल पुलिस शांति बनाये रखने के उद्देश्य से सीमांकन कार्य पर रोक लगा दी।**

# जिला मुख्यालय पर विहिप का प्रदर्शन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में लगातार हिंदुओं पर हो रहे हिंसा के विरोध में शुक्रवार को देश भर में विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया गया। इस कड़ी में जमशेदपुर जिला मुख्यालय के समक्ष भी विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भाजपा, जदयू समेत कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने हाथों मे भगवा झंडा लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इन्होंने एक स्वर मे बंगाल राज्य मे राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग उठाई.साथ ही जिले के उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि बंगाल मे ममता बनर्जी के नेतृत्व मे जिहादियों की सरकार चल रही है और इसका असर देश भर मे पड़ रहा है। बंगाल की जनता ने एक लोकतांत्रिक सरकार चलाने के लिए सरकार चुनी थी, और उसी लोकतंत्र की हत्या ममता बनर्जी कर रही है। बंगाल मे हिंदुओं के त्योहारों मे निकलने वाले शोभा यात्रा और जुलूस में जिहादी पत्थरबाजी करते हैं और ममता सरकार उन्हें संरक्षण देती है। ऐसे मे अब बंगाल मे राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की।**

### नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय का 'करियर जंक्शन 5.0'

# विद्यार्थियों ने लिया ऑन द स्पॉट एडमिशन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** साकची स्थित बंगाल क्लब में नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की ओर से 'करियर जंक्शन 5.0' का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा यह कार्यक्रम बीते पांच वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर से संबंधित सही मार्गदर्शन प्रदान करना।शनिवार को कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों की ओर से स्टॉल लगाये गये, जहां उपस्थित विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता, कैम्पस प्लेसमेंट एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गयी। इस मौके पर बड़ी संख्या में आये विद्यार्थियों ने अपने रुचि और योग्यता के अनुसार संबंधित कोर्स की जानकारी प्राप्त की। कई विद्यार्थियों ने मौके पर ही विश्वविद्यालय में नामांकन भी लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रो प्रभात कुमार पाणी ने बताया नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ एजुकेशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर मार्गदर्शन में पूरी तरह समर्पित है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में 60 से अधिक विषयों की पढ़ाई हो रही है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र आज देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत हैं।

कार्यक्रम में स्कूल ऑफ साइंस, मैनेजमेंट एंड कॉमर्स, आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटी, नर्सिंग, फामेर्सी और एजुकेशन समेत सभी विभागों के फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने पाठ्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ शिक्षा उपरांत करियर की संभावनाओं और वर्तमान समय की चुनौतियों पर भी संवाद किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक नामांकन हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि ऐसे करियर काउंसिल फेयर छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक होते हैं। इससे वे अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट निर्णय ले पाते हैं।

# रोटरी सैटेलाइट क्लब ऑफ जमशेदपुर बर्डर्स की दो दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला 26 अप्रैल से

- विशेष कार्यशाला में कैनन इंडिया के अनिंदो बसु होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** रोटरी सैटेलाइट क्लब ऑफ जमशेदपुर बर्डर्स और कैनन इंडिया के सहयोग से 26 और 27 अप्रैल को अनिंदो बसु के नेतृत्व में एक विशेष फोटोग्राफी कार्यशाला की घोषणा की गयी। जिला वन कार्यालय के बहुमूल्य समर्थन के साथ इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावहारिक क्षेत्र अनुभव के माध्यम से पक्षी फोटोग्राफी कौशल को बढ़ाना है। पहला दिन इनडोर कार्यशाला कालीमाटी बैंक्वेट, सुपरसेंटर पहला सत्र कैमरा मैकेनिक्स को समझने, लेंस में महारत हासिल करने और रचना को परिष्कृत करने पर केंद्रित होगा। प्रतिभागियों को अपने मौजूदा काम की समीक्षा करने और फोटो संपादन की बुनियादी बातों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

दूसरे दिन आउटडोर अनुभव डालमा वन्यजीव अभयारण्य या जुबली पार्क। दूसरे दिन एक गहन फील्ड सेशन होगा, जिसमें पक्षियों को उनके प्राकृतिक आवास में कैद करने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जायेगा।

जिला वन कार्यालय द्वारा समर्थित, उपस्थित लोग फ्रेमिंग, मोशन फोटोग्राफी और वन्यजीव फोटोग्राफी के लिए अपने गियर को अनुकूलित करने की तकनीक सीखेंगे। जमशेदपुर बर्डर्स के रोटरी सैटेलाइट क्लब में पक्षी देखने और आवास संरक्षण के प्रति जुनूनी रोटेरियन शामिल हैं। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर 16030- जिला 3250 का सबसे पुराना रोटरी क्लब के हिस्से के रूप में हम पक्षी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण करते हैं। संरक्षण संगठनों के साथ सहयोग करते हैं और एवियन पारिस्थितिकी के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं।

# तिलक समारोह में फायरिंग करते समय हुई चूक, तीन लोगों को पैर में लगी गोली

## लाइसेंसी राइफल से गोली चलाने वाला पर प्राथमिक की दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के रेजो गांव में एक तिलक समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग ने जश्न को मातम में बदल दिया। तिलक के अंतिम चरण के समय हर्ष फायरिंग में चूक हो गई जिससे राइफल से निकली गोली छत में टकरा कर तीन लोगों को घायल कर दिया। मामले में भुक्तभोगी रंका थाना क्षेत्र निवासी मुकेश कुमार तिवारी द्वारा मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिसमें कहा गया है कि शुक्रवार की रात्रि में रंका निवासी शंभू पांडेय की बेटी का तिलक चढ़ाने मनोज साव, धर्मेंद्र दुबे, रोशन पाठक उर्फ प्रकाश चंद पाठक, एवं अन्य लोगों के साथ मेराल थाना क्षेत्र के रेजो गांव निवासी रामाशंकर चौबे के पुत्र प्रशांत चौबे को तिलक चढ़ाने के लिए छत पर बैठे थे। रात्रि करीब 10:15 बजे रोशन पाठक द्वारा बोला गया की जश्न का माहौल है तो अपने लाइसेंसी राइफल से हुआवेई फायरिंग कर लेते हैं और राइफल को चौक किया गया तभी हम लोगों के द्वारा फायरिंग करने से मना किया गया तो उन्होंने बैरल नीचे कर लिया गया तभी गलती से राइफल हाथ से छूट गया और ट्रिगर दब गया जिस कारण गोली चल गई। गोली छत से टकराकर मेरे पैर मैं लगाते हुए धर्मेंद्र दुबे के पैर में लग गया एवं मनोज साव बगल में खड़े थे उनका भी पैर में लग गया। गोली लगने पर तुरंत ही रोशन पाठक द्वारा इलाज करने के लिए गढ़वा के परमेश्वरी अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज करने के बाद मुझे घर जाने के लिए छोड़ दिया गया तथा अन्य को बेहतर इलाज के लिए डाल्टनगंज ले गए। उन्होंने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मुकेश के आवेदन पर मेराल थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार हर्ष फायरिंग करने वाले को पकड़ने के लिए पुलिस ने रात्रि में रेड किया परंतु सभी भागने में सफल रहे।

## हथियार का लाइसेंस अपराधियों के बीच रेवड़ी की तरह बनते गये हैं : सत्येंद्र तिवारी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने शुक्रवार की रात मेराल प्रखंड के रेजो गांव में घटित गोली कांड की घटना को प्रशासन की लापरवाही का नतीजा बताते हुए कहा है कि प्रशासन द्वारा गढ़वा में राजनीतिक दबाव में आकर रेवड़ी की तरह हथियार का लाइसेंस अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों दिया गया है। जिसकी वजह से आज इस तरह की घटना घटित हो रही है। श्री तिवारी ने कहा कि रेजो गांव निवासी पत्रकार रमाशंकर चौबे के यहां शुक्रवार की रात तिलक समारोह में कुछ आपराधिक और सामंती प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा लाइसेंसी हथियार से शादी समारोह के दौरान गोली चलायी गयी। जिससे कई लोग घटनास्थल पर घायल हो गये। गढ़वा विधायक ने कहा कि मैं पहले भी प्रशासन को सचेत करते हुए कहा था कि रेवड़ी की तरह हथियार बांटने की वजह से गढ़वा में अपराध में बढ़ोतरी होगी, जो अब सच साबित हो रही है। प्रशासन की लापरवाही की वजह से आमजनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। ऐसी अराजकता की वजह से लोगों में भय का माहौल है। मैं आने वाले विधानसभा सत्र के दौरान इस बात को विधानसभा में प्रमुखता से उठाऊंगा। सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गोली कांड में घायल होने वाले ग्रामीणों का अज्ञात जगह पर इलाज कराया जा रहा है और मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है, जो की चिंता का विषय है। प्रशासन अविलंब एफआईआर करके दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे और जो घायल हुए हैं, उनके इलाज के बारे में जानकारी सार्वजनिक करे, अन्यथा भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# गढ़वा बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने बंगाल हिंसा को लेकर विरोध जताया, डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मंझिआंव(गढ़वा)।** बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में हो रही हिंसा को लेकर कड़ा विरोध जताते हुए जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौपा। साथ ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति महामहिम को अवगत कराया है कि यह बंगाल हिंसा वक्फ बिल के विरोध किया आड़ हिंदुओं के खिलाफ एक साजिश का हिस्सा है और इसके पीछे राज्य सरकार की मिलीभगत है। मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल, 2025 को वक्फ कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शन में हिंदुओं के सैकड़ो घरों और दुकानों को लूटकर जलाया गया, सैकड़ों हिंदुओं को घायल किया गया और तीन नागरिकों की हत्या की गयी। इसके अलावा, दर्जनों महिलाओं के शीलभंग भी किये गये। इस घटना के बाद 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा।

**ममता सरकार पर आरोप :** बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने ममता सरकार पर आरोप लगाया है कि वह हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दे रही है और राष्ट्र विरोधी तत्वों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने मांग की है कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और हिंसा की जांच NIA से करवाई जाए।

बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर बंगाल में हिंसा को रोकने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाये गये तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह बंगाल की स्थिति को गंभीरता से ले और आवश्यक कदम उठाये। वहीं मौके पर सोनू सिंह(जिला मंत्री) विहिप, गढ़वा, शुभम कुमार जायसवाल (जिला संयोजक), अभिमन्यु सिंह, करण चंद्रवंशी नगर (अध्यक्ष) विहिप, जीतेंद्र कुमार चौरसिया (सहसंयोजक), अभिषेक झा, रौशन पांडे, राजा सिंह, प्रिंस कुमार, उत्तम कुमार गुप्ता, निखिल तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से निम्नलिखित मांगें रखीं

1. बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाये।
2. हिंसा की जांच NIA से करवाई जाये और दोषियों को दंडित किया जाये।
3. बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाये।
4. बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निष्कासित किया जाये।

# परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के चिकित्सकों के प्रयास से दिव्यांग दंपति को मिला संतान सुख

## संतान नहीं होने के कारण सामाजिक प्रताड़ना झेल रहा था दंपति : डॉ नीतू

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ख्याति प्राप्त स्थानीय परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में स्थानीय डॉक्टरों की टीम के द्वारा सफल इलाज कर एक महिला जो कि पति और पत्नी दोनों , दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, को मातृत्व सुख प्रदान किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मेडिकल सेंटर की महिला चिकित्सक डॉ नीतू ने बताया कि जिले के खरौंधी थाना के परसवान गांव की महिला संजू देवी जो कि दोनों पैरों से दिव्यांग है। जो 9 वर्षों से मां नहीं बन पाने के कारण सामाजिक प्रताड़ना को झेल रही थी। उसने अपने इलाज के लिए राज्य और राज्य के बाहर कई प्रतिष्ठित अस्पतालों का चक्कर लगाया। लेकिन मां बनने का सुख उसे नहीं मिल पाया। डॉक्टर नीतू ने बताया कि अंततः ईश्वर ने उक्त महिला की इस व्यथा को ठीक करने के लिए हमारे परमेश्वरी मेडिकल सेंटर को चुना और दंपति उनके अस्पताल में जाकर डॉक्टर नीतू सिंह और डॉक्टर कुमार निशांत से मिले। मिलने के पश्चात महिला का इलाज शुरू कर दिया गया। अंततः 9 महीने बाद उक्त महिला ने सिजेरियन ऑपरेशन कर स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। महिला और उसके पति दोनों पैरों से दिव्यांग है। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल उनके लिए वरदान साबित हुआ। महिला चिकित्सक डॉ नीतू सिंह को भी बहुत बहुत धन्यवाद दिए।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में डॉ अंबेडकर की जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा में भारतीय संविधान के निमार्ता डा भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद तथा उपप्राचार्य बीके ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अंबेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक मना जाता है। बाबा साहब के नाम से मशहुर अंबेडकर को भारत के संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। आजादी के बाद उन्होंने ना सिर्फ संविधान निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभायी, बल्कि स्वतंत्र भारत को लोकतांत्रिक और न्याय व्यवस्थि भी बनाया। उन्होंने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे बड़ा संविधान का दर्जा दिलाया दिया। बाबा साहब का जीवन वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान और सशक्तिकरण में समर्पित रहा। वे एक महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्ता, संपादक और अपने आप में पत्रकार भी थे। अंबेडकर उस वक्त समाज में व्याप्त भेदभाव से लड़कर अपनी काबीलियत के दम पर आजाद भारत के पहले कानून मंत्री के पद पर पहुंचे। बाबा भीमरावअंबेडकर जी का मानना था कि शिक्षा ही ईश्वर है, विज्ञान ही सत्य है, मानवता ही धर्म है और संविधान ही धर्म ग्रन्थ है। उनके जयंती पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्रों को निदेशक के द्वारा प्रशस्ति पत्र, मैडल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीके ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक सन्तोष प्रसाद व प्रतियोगिता का आयोजन सीसीए इंचार्ज ऋषभ श्रीवास्तव के देख रेख में किया गया।इस कार्यक्रम में शिक्षक वीरेंद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, सुनीता कुमारी, नीलम कुमारी, शिवानी गुप्ता, रागिनी कुमारी, मुकेश भारती, विकास कुमार अन्य की उपस्थिति सराहनीय रही।

# दानवीर भामाशाह की मनायी जायेगी जयंती



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के तत्वाधान में राष्ट्र गौरव दानवीर भामाशाह की जयंती मनाने को लेकर एक बैठक की गयी, जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 अप्रैल को महान दानवीर भामाशाह की जयंती विधिवत लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की जायेगी। जिसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के प्रखंड अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बड़े ही हर्षोल्लास के साथ दानवीर भामाशाह की जयंती मनायी जायेगी, जिसमें सभी लोगो को आमंत्रित किया। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, सचिव मूंगा साह, कोषाध्यक्ष अरुण देव गुप्ता, संरक्षक राम भजन गुप्ता, प्रखंड मीडिया प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उप सूचना मंत्री अजय गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

# अंबेडकर युवा क्लब ने निकाला बाइक जुलूस, दिया निमंत्रण

**रंका (आजाद सिपाही)।** भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को अंबेडकर युवा क्लब अनुमंडल प्रखंड इकाई रंका ने बाइक जुलूस निकाला और 20 अप्रैल 2025 को आहुत अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में भारी संख्या में भाग लेने हेतु लोगों को आमंत्रित किया। जुलूस कंचनपुर सामुदायिक भवन से चलकर रंका प्रखंड अनुमंडल मुख्यालय एनएच 343 मुख्य बाजार से होते हुए सोनदाग, हुरदाग, भलुआनी, वाइस प्लौट, ढेंगुरा, कुदरूम, बाहाहारा, तमगेकला, टिमन बाजार, मानपुर, खपरो होते खरडीहा से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल रंका पहुंच कर समाप्त हुआ। इस भ्रमण के दौरान महापुरुषों के माल्यार्पण भी किया गया और जय भीम के नारों से गुंजायमान रहा। इस बाइक जुलूस में सैकडों बाइक पर सैकड़ों लोग शामिल थे।

# बंशीधर नगर से तीन नाबालिग बच्चे लापता, प्राथमिक दर्ज





**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर ऊंटरी थाना अंतर्गत नगर गढ़ के समीप दुबाट टोला से 12 से 13 वर्षीय तीन नाबालिग बच्चों के लापता होने का मामला सामने आया है। तीनों बच्चों के माता-पिता ने नगर ऊंटारी थाना में आवेदन देकर जांचों प्रांत कार्रवाई करने और उनके बच्चों के खोजबीन कर उचित कार्रवाई करने का आवेदन सौंपा है। थाना में दिये आवेदन में साफ-साफ लिखा हुआ है कि, महाशय, निवेदन पूर्वक कहना है कि मैं तनवीर आलम उम्र 38 वर्ष, पिता जुबैर खलीफा ग्राम नगर उंटारी थाना नगर उंटारी जिला गढ़वा का निवासी हूं, आगे कहना है कि दिनांक 18/4/025 को शाम 7:00 बजे मेरा लड़का जिशान रजा उम्र 13 वर्ष घर से ये बोलकर निकला की मैं अपने दोस्त्र हैप्पी आलम उम्र लगभग 13 वर्ष पिता को आरिफ आलम ग्राम चचेरिया।(2) रोशन कुमार उम्र 13 वर्ष पिता-राकेश कुमार पता दूबाट नगर उंटारी दोनो थाना नगर उंटारी जिला गढ़वा से मिलने जा रहा हूं। माता पिता के द्वारा बताया गया की दोस्त से मिलने जाने को कहकर घर से निकले है, परंतु तीनों बच्चों अब तक घर को वापस नहीं लौटे हैं। हमलोग तीनो बच्चों के पूरा परिवार सहीत आस-पास एवं रिश्तेदार में काफी खोजबीन किये परंतु कोई पता नहीं चला। आगे आवेदन में गार्जियन के द्वारा श्रीमान से आग्रह किया है की प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करने की कृपा की जाये।

# सीओ ने डंप किये गये 1700 सीएफटी बालू को किया जब्त, एफआइआर दर्ज

**मेराल (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीओ संजय कुमार ने अवैध बालू डंपिंग करने की सूचना मिलने पर सीओ यशवंत नायक और पुलिस बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए बालू की ढुलाई करते दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया तथा करीब 1700 सीएफटी बालू को सीज किया गया। मामले में सीओ श्री नायक द्वारा अकलवानी से पकड़े गये ट्रैक्टर को जप्त कर मेराल थाना को सुपुर्द किया गया साथ ही दोनों ट्रैक्टर पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार अकलवानी गांव के ग्रामीणों द्वारा सदर एसडीओ को बालू डंप किए जाने की गुप्त सूचना दिया गया। जिस पर एसडीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीओ तथा पुलिस बल के साथ अकलवानी पहुंचे, जहां सरस्वतीया नदी से अवैध रूप से दो ट्रैक्टर द्वारा बालू उठाकर डंप किया जा रहा था। पदाधिकारी की गाड़ी को देखकर ट्रैक्टर ड्राइवर बालू को अनलोड कर ट्रैक्टर भागने लगा जिसे देख पुलिस के जवानों ने पीछा किया, कुछ ही दूरी पर दोनों ट्रैक्टर ड्राइवर गाड़ी को खड़ा कर फरार हो गए, जिसे जप्त किया गया। वहीं अवैध रूप से डंप किया गया करीब 1700 सेफ्टी बालू को भी जब्त किया गया। जब्त किये गये ट्रैक्टर दोनों महिंद्रा कंपनी के लाल रंग का है। दोनों ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक की दर्ज करायी गयी है।

# फाइलेरिया की रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया (हांथी पांव) की रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मलेरिया (भीभीटी) जिला सलाहकार अरविंद द्विवेदी द्वारा मरीजों के बीच एमएमडीपी किट प्रदान किया। जिसमें डेटॉल साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया सहित और अन्य सामग्री दी गयी। ताकि बीमारी से पीड़ित मरीज फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित रूप से देखभाल कर सकें।

# खंडहर पड़ा महल आज उपेक्षा का शिकार

आजाद सिपाही संवाददाता


सोनपुरा स्टेट का खंडहर पड़ा महल।

**कांडी।** कभी 13 गांव, 52 गली और 53 बाजारों का केंद्र रहा ऐतिहासिक सोनपुरा स्टेट आज उपेक्षा का शिकार है। यह वहीं स्थल है जहां विभिन्न रियासतों के राजा और सामंत एकत्र होकर बैठकें किया करते थे। लेकिन समय की मार और सरकारी उपेक्षा ने इस ऐतिहासिक धरोहर को खंडहर में तब्दील कर दिया है। 1907 और 1930 की भयंकर बाढ़ ने सोनपुरा स्टेट की कमर तोड़ दी। पहली बाढ़ में कुछ लोग पलायन कर गये, जबकि 1930 की विभीषिका में बचे-खुचे अवशेष भी सोन नदी की गोद में समा गये। तब से यह क्षेत्र विकास की राह ताक रहा है। सोनपुरा स्टेट के साथ-साथ दर्जनों गांव, हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि भी बाढ़ की भेंट चढ़ गये।

**स्थानीय लोगों की पहल बेअसर** स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कई बार सरकार और प्रशासन से इस क्षेत्र के पुनर्विकास की मांग की है। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामलला दुबे और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयास से सांसद वीडी राम के माध्यम से सोलर प्लांट के लिए सर्वे कराया गया था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण भूमि की सकारात्मक रिपोर्ट नहीं दी जा सकी।

**सुझाव और संभावनाएं :** ग्रामीणों का मानना है कि यदि सरकार चाह ले तो इस क्षेत्र को एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल, सोलर एनर्जी हब, और आवासीय विकास क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। सोन नदी पर तटबंध निर्माण से बाढ़ की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्थायी सुरक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे।स्थानीय नागरिकों ने एक बार फिर राज्य सरकार और केंद्र सरकार से अपील की है कि सोनपुरा स्टेट की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भूगोलिक महत्ता को समझते हुए इसे प्राथमिकता में शामिल किया जाये और इसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाये।

# कल आयोजित होनेवाले आक्रोश मार्च को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा आक्रोश मार्च कार्यक्रम को लेकर जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को जिला समाहरणालय पर आक्रोश मार्च कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिनियां रोड से लेकर समाहरणालय तक किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी ने संविधान से पहले सरीयत को मानने की बात कही जो देश के संविधान का भारी अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि जिसे अंबेडकर जी द्वारा निर्मित भारत का संविधान स्वीकार नहीं उसके लिए भारत में कोई स्थान नहीं है। हेमंत सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी के बयान से करोड़ों लोग आहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ऐसे मंत्री को तत्काल बर्खास्त कर स्पेशल जांच बैठाए। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, धनंजय गौड़, शुभम गुप्ता, विनय चंद्रवंशी, बंधु राम, लक्ष्मीकांत पांडेय, ओमप्रकाश पासवान सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आगे आयें समाजसेवी संगठन : एसडीओ

## एसडीओ ने किया सदर अस्पताल का औचक भ्रमण

## जिला यक्ष्मा केंद्र में बैठक कर 'निक्षयमित्र' पहल में प्रगति की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार शाम को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सदर अस्पताल का औचक भ्रमण किया, जहां पर उन्होंने रोस्टर के अनुरूप चिकित्सकों की उपस्थिति के अलावा विभिन्न विषयों को लेकर अस्पताल उपाधीक्षक के साथ बैठक की।

**जिला टीबी केंद्र पहुंच कर समीक्षा बैठक की :** एसडीओ ने जिला यक्ष्मा केंद्र पहुंचकर वहां संबंधित चिकित्सकों और विशेषज्ञों के साथ अनुमंडल क्षेत्र में टीबी उन्मूलन की दिशा में किया जा रहे प्रयासों की समीक्षा की, साथ ही टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए चलायी जा रही महत्वकांक्षी पहल निक्षय मित्र में हुई अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने यक्ष्मा केंद्र के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से गढ़वा को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की अपील की।

**शहर के संपन्न लोग टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आगे आएं** उन्होंने शहर के सक्रिय सामाजिक संगठनों एवं स्वैच्छिक समाजसेवियों से अनुरोध किया कि वे टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार देने के खर्च को गोद लेने के लिए स्वतः आगे हाथ बढ़ाएं, उन्होंने बताया कि एक टीबी मरीज के पौष्टिक आहार को गोद लेने के लिए लगभग ?700 के आसपास खर्च आता है, लोग या संगठन अपनी यथाशक्ति एक या अधिक टीबी मरीजों के आहार को अपने स्तर से उपलब्ध करवा सकते हैं। ऐसा सहयोग करने वाले लोगों को 'निक्षय मित्र' का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र को टीबी मुक्त करने की दिशा में सभी के सहयोग की अपेक्षा है। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी श्री राम सुंदर सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक पुरुषेश्वर मिश्रा, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सतीश कुमार, टीबी हेल्थ विजिटर विनोद कुमार द्विवेदी, सीनियर डॉट प्लस सुपरवाइजर जितेंद्र कुमार एवं फील्ड ऑफिसर मौजूद थे।

**डायलिसिस सेंटर का किया निरीक्षण :** सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत चलाए जा रहे डायलिसिस सेंटर का निरीक्षण कर संजय कुमार ने वहां मौजूद टेक्नीशियनों से दैनंदिन की जरूरतों और समस्याओं के बारे में जाना। तदनुरूप डायलिसिस केंद्र में नेफ्रोलॉजिस्ट की उपलब्धता और अन्य जरूरी सकारात्मक उपायों के लिए पहल करने के लिए उपाधीक्षक से बात की।

# एसडीओ ने बालू उत्खनन की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों का किया दौरा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मीडिया में आयी रिपोर्ट पर संज्ञान लेकर डंडई तथा मेराल क्षेत्र के बालू उत्खनन संबंधी संवेदनशील इलाकों का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने बालू घाटों के अलावा अवैध रूप से उत्खनन वाले संभावित इलाकों का दौरा कर न केवल महत्वपूर्ण स्थानीय जानकारियां जुटायीं बल्कि इन जानकारियों के आलोक में संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने भ्रमण के क्रम में कई जगह बड़ी मात्रा में डंपिंग की हुई बालू के ढेर देखे, इस संबंध में जिला खाना पदाधिकारी को सूचित करते हुए निर्देश दिया गया कि वे ऐसे अवैध डंपिंग स्थलों की बालू की जांच कर सीओ और थाना प्रभारी से समन्वय बनाकर जब्त करें। भ्रमण के क्रम में बालू के अवैध उत्खनन में संलिप्त मिले ट्रैक्टर व ट्रैक्टर चालकों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। उसी क्रम में शिकायतें मिलने पर शुक्रवार को उन्होंने सरस्वतिया, दानरो व यूरिया नदी के तटीय क्षेत्रों का दौरा किया।

# सांसद कालीचरण मुंडा लोगों की समस्याओं से हुए अवगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** सांसद कालीचरण मुंडा शनिवार तमाड़ के रायडीह मोड़ में अपने कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम लोगों से मिल कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुये। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुये कहा कि ठिकेदार और विभाग के द्वारा एनएच 33 गागरसोतिया से आगरा तक बनने वाली सड़क को पिछले छह महिने से खोद कर छोड़ दिया गया है। जिससे आम ग्रामीणों के आवगमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अंत में देर शाम तमाड़ निवासी ओम साहु के पुत्र के देहांत की खबर सुन कर उनके परिजनों से मिल कर ढाड़स बंधाया।

# आजाद सिपाही में खबर छपने के बाद विधवा को मिले पैसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** 18 अप्रैल के आजाद सिपाही के अंक में 'सोनाहातू में विधवा से अबुआ आवास के रुपये कैफे ने उड़ाये' शीर्षक से प्रकाशित खबर छपने के बाद पुलिस प्रशासन और विधायक हरकत में आये और इन सबों के प्रयास से विधवा चांदमणी देवी को पैसे मिल गये। शनिवार की सुबह आवेदन पत्र लेकर सोनाहातू थाना पहुंची और थानेदार से मिल कर आप बीती सुनायी। पुलिस ने कैफे संचालक मधु मंडल को थाना बुलाया , फिर वह कैफे से चांदमणी के खाते से अबुआ आवास के 30 हजार रुपये उड़ाये जाने के बारे में पूछताछ कि। जब जेल भेजने की बातें हुई, तो वह चांदमणी को थाने में 30 हजार रुपये लौटा दिये। विधवा को न्याय मिला। इस अवसर पर विधायक अमीत महंतो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


सोनाहातू में विधवा से अबुआ आवास के रुपये कैफे ने उड़ाये

# सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग सेमिनार संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बूंडू।** सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में शनिवार को कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों का भविष्य को लेकर कैरियर विकल्प की जानकारी दी गयी और तैयारी करने का टिप्स बताये। यह सेमिनार विद्यालय में छात्रों को विषय पर मार्गदर्शन देने के लिए किया गया। करियर काउंसलर भौतिक गुरु श्याम सुमन, ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में गुरु सिखलाया। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। जिससे विद्यार्थियों को उपलब्ध विभिन्न कैरियर अवसरों के बारे में स्पष्टता जानकारी प्रदान की गयी। सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक अली अराफात ने विद्यालय में अध्यनरत छात्रों के लिए सकारात्मक अनुभवी शैक्षणिक कोचिंग संस्थान से प्रतियोगिताओं में तैयारी के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बुंडू सहित पूरे पंच परगना क्षेत्र में नीट, यूजी, आइआइटी, एडवांस मेंस की तैयारी के लिए गुणवत्ता पूर्वक शैक्षणिक संस्था द्वारा जानकारी लगातार देने की घोषणा की गयी। सेमिनार में विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी और आठवीं से 12वीं वर्ग के छात्र-छात्राएं और अभिभावक शामिल हुए थे।

# बालक और बालिका टीम ने अपने-अपने मैच जीते





**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में आयोजित 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक 68वीं स्कूली नेशनल गेम फुटबॉल खेल में बालक और बालिका दोनों टीम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में बालक टीम ने उत्तर प्रदेश को 2/1 से हराया। इसमें रोहित हेमराम और विशाल महतो एक-एक गोल किये। बालिका वर्ग में भी क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र की टीम को 3/0 से हराया, इसमें रीना कुमारी ने दो गोल और पूजा कुमारी ने एक गोल किये। सेमी फाइनल के लिए झारखंड बालक की टीम मणिपुर के साथ भिड़ंत होगी। बालिका टीम में झारखंड की टीम तमिलनाडु के साथ खेलेगी। इसमें कोच के रूप में जितेंद्र कच्छप, बिंदु कुजूर मैनेजर अमीत टोप्पो, लीना सोरेन हैं और एचओडी के रूप में बिंदेश्वर महतो शामिल हैं।

# मुर्शिदाबाद हिंसा के खिलाफ विहिप और बजरंग दल ने किया धरना-प्रदर्शन, बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** वक्फ कानून के विरोध की आड़ में बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हुई हिंसा के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खूंटी समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल की अगुवाई में आयोजित धरना-प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त लोकेश मिश्रा को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है। उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुसलमानों की भीड़ द्वारा वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था। इससे स्पष्ट होता है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू विहीन बनाना था। इस उंमादी भीड़ ने तीन लोगों की निर्मम हत्या की। 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूट कर जलाया। सैकड़ो हिंदुओं को मारपीट कर घायल किया। दर्जनों महिलाओं का सील भंग किया गया। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। कहा गया कि बंगाल में ममता सरकार भारत के संघीय ढांचे को ध्वस्त कर अपनी सरकार और वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है।

बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ चुकी है। बंगाल की इस गंभीर स्थिति के लिए राष्ट्रपति से बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने, बंगाल हिंसा की जांच एनआइए से करने और दोषियों को अविलंब दंडित करने की मांग की गयी है। धरना प्रदर्शन में विहिप के जिला मंत्री राजीव झा, जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, सह मंत्री एमपी सिंह, नगर अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, प्रियांक भगत, संजय साहू, सचेत मिश्रा, बजरंग दल संयोजक अभिषेक कुमार, प्रकाश साहू, प्रकाश अधिकारी, पुरेंद्र जायसवाल, गिरीश जायसवाल, करमवीर महतो, पवन राठौड़, रौनक कश्यप, आर्य मिश्रा, सचिन मिश्रा, वीरेंद्र सोनी, प्रवीण जायसवाल, कुलदीप सिंह, तिलक सिंह आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# गणित सह कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन




**खलारी (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल खलारी में महात्मा हंसराज के 161वें जन्म दिवस पर गणित सह कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संतोष कुमार, बीडीओ खलारी और विशिष्ट अतिथि प्रणव अंबष्ट, सीओ खलारी, कमलेश चौधरी, कमांडेंट, सीआइएसएफ यूनिट, एनके पिपरवार एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर किया। इस प्रदर्शनी के अंतर्गत गणित प्रदर्शनी में तीसरी से पांचवीं कक्षा के समूह से 40 मॉड्यूल्स, छठी से आठवीं कक्षा के समूह से 55 मॉड्यूल्स और नवीं से बारहवीं कक्षा के समूह से 55 मॉड्यूल्स और कला एवं शिल्प प्रदर्शनी में 30 मॉड्यूल्स का प्रदर्शन किया गया। गणित पर्यवेक्षक के रूप में डॉ हिमांशु सिंह, सीनियर साइंटिस्ट, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, रांची, हर्षित कुमार, डिप्टी मैनेजर, पुरनाडीह प्रोजेक्ट, एनके एरिया और चंदन कुमार, असिस्टेंट मैनेजर, केडीएच प्रोजेक्ट, एनके एरिया ने बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉड्यूल्स को खूब सराहा। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से गणित जैसे नीरस विषयों में भी बच्चों को सरसता मिलती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सभी ने विद्यालय की इन गतिविधियों की खूब सराहना की और बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र प्रसाद, प्रोजेक्ट ऑफिसर रोहिणी ने भी सारे मॉड्यूल्स को देखा और सराहा। गणित सह कला और शिल्प प्रदर्शनी का परिणाम वर्ग के हिसाब से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान जल्द ही घोषित किये जायेंगे।

# रेल लाइन फेज वन की बंदी 23 को होगी



**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैक्लुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन के रैयत एवं अशोक परियोजना प्रबंधन के बीच शनिवार को वार्ता विफल हो गया। इसलिए अब रैयत नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर 23 अप्रैल से रेल लाइन पर कोयला ढुलाई बंद करायेंगे। रैयतो ने रैयत विस्थापित मोर्चा के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर 23 अप्रैल से बंदी का आह्वान किया था, जिसके बाद प्रबंधन ने शनिवार को मोर्चा के नेतृत्व में रैयतो के साथ पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता किया। वार्ता में रैयतो की नौकरी मुआवजा के संबंध में वार्ता हुई। जिसमें पिपरवार प्रबंधन की ओर रैयतो को नौकरी मुआवजा देने को लेकर प्रक्रिया को लेकर समय देने की बात कही गयी। जिस पर मोर्चा एवं रैयतो ने प्रबंधन को समय देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद वार्ता में सहमति नही बनने पर मोर्चा एव रैयतो ने कहा कि 22 तक प्रबंधन ने मांगो पर कोई कार्रवाई नहीं किया तो 23 से रेल लाइन बंदी रहेगी। वार्ता में प्रबंधन की ओर से अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह, स्टाफ ऑफिसर भू एव राजस्व विभाग डीके शर्मा, स्टाफ ऑफिसर कार्मिक नागेश गोपाल, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी हेमचंद महतो, नोडल अधिकारी राजीव रंजन, बिनोद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को मिलेगा पीएम एक्सीलेंस अवार्ड

**कल सिविल सेवा दिवस पर नयी दिल्ली में किये जायेंगे सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को 'प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गयी है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें आकांक्षी प्रखंडों की श्रेणी में गम्हरिया प्रखंड के देश के टॉप पांच प्रखंडों में शामिल होने के लिए दिया जा रहा है। यह पुरस्कार 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह में प्रदान की जायेगी। गौरतलब है हाल ही में नीति आयोग की टीम ने गम्हरिया प्रखंड का दौरा किया था। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों को मानक के अनुरूप पाया गया। उपायुक्त शुक्ला के नेतृत्व में गम्हरिया प्रखंड में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और समग्र विकास सुनिश्चित किया गया, जिसके चलते यह उपलब्धि हासिल हुई। जिला प्रशासन सरायकेला खरसावां के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपायुक्त को इस सम्मान के लिए शुभकामनाएं दी।

# सांसद कालीचरण सिंह मुंडा ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह मुंडा ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरे के क्रम में उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर, बहेरा और बेती पंचायतो के विभिन्न गांव में भीषण गर्मी मे व्याप्त पानी की समस्या को लेकर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं संग बैठक कर विचार विमर्श किया गया। इसके पश्चात उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में किये जा रहे विकास सहित जनहित कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। साथ ही क्षेत्र में भाजपा के सांगठनिक चुनाव और ग्रामीण क्षेत्रो की मूलभूत समस्याओं जैसे गर्मी के दिनों में पेयजल की संकट से निपटने को लेकर निदान किये जाने से संबंधित जनप्रतिनिधियों संग बैठक कर विचार विमर्श किया।

# जब हम रक्तदान करते हैं, तो किसी को नयी जिंदगी देते हैं : नवीनचंद्र




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा थाना परिसर में सदर अस्पताल खूंटी के प्रखंड प्रशासन के सौजन्य से शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 लोगों ने रक्तदान किया। मौकें पर तोरपा कें प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि रक्तदान शिविर आयोजित करने का उद्देश ब्लड बैंक में विभिन्न समूहों के खून की कमी को दूर करना और ब्लड बैंक में विभन्न समूहों के रक्त का न्यूनतम स्टॉक बनाए रखना है। बीडीओ ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति कें रक्तदान करने से शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है, बल्कि शरीर विज्ञानियों के अनुसार नियमित अंतराल पर रक्तदान करने से शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात कि रक्तदान को महादान बताया गया है, क्योंकि इससे हम किसी को जीवन प्रदान कर पाते हैं। बीडीओं ने लोगों से अपील की कि इस अभियान का हिस्सा बनें और लोगों का कीमती जीवन बचाने में योगदान दें।

# तोरपा में कार दुर्घटनाग्रस्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र की चुरगी नदी के पास शनिवार को एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर दुर्घटग्रस्त हो गयी। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गयी। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। सूचना पाकर रेफरल अस्पताल से एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंची, पर वहां कोई नहीं मिला। तोरपा पुलिस के अधिकारी भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने कार चालक और कार पर सवार लोगों की खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनायी गयी हंसराज की जयंती



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को महात्मा हंसराज की 156वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कुल के सभी शिक्षक एवं बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एपी द्विवेदी ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकों ने महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि महात्मा हंसराज आर्य समाज के स्तम्भ, महान शिक्षाविद और समाजसेवी थे। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक ओम प्रकाश यादव ने महात्मा हंसराज के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला और सामूहिक हवन यज्ञ कराया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

# भूमि अधिग्रहण का मुआवजा देने के लिए कैंप लगायें अधिकारी : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला परिषद खूंटी के सभागार में शनिवार को जिला परिषद अंतर्गत गठित सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला परिषद् अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न कल्याणकारी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान के लिए विशेष कैंप का आयोजन करने को कहा गया। जिला परिषद् के अधीन निर्मित मार्केट कांपलेक्स एवं अन्य भवनों से किराया वसुली के लिए शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित राशन कार्ड इ-केवाइसी अभियान को सशक्त करने कें लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। सुरक्षित एवं संरक्षित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिले के प्रमुख जलप्रपात स्थलों पर चेतावनी साइनबोर्ड लगाने का निर्देश दिया। बैठक में समिति की उपाध्यक्ष श्रमंजु देवी, सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद् के सदस्य, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, कार्यपालक पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, जिला अभियंता, कोषागार पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मंगल कलश यात्रा के साथ खूंटी में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कर्रा प्रखंड के महतो टोली में दो दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगल कलश यात्रा से हुई, जिसका नेतृत्व शांतिकुंज से पधारे परिव्राजक चंदन मोदी ने किया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में मंगल कलश धारण कर महिलाएं और श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। शाम को महतो टोली दुर्गा मंडप प्रांगण स्थित यज्ञशाला में सैकड़ों दीपों के साथ संगीतमय दीप यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शांतिकुंज के तपोनिष्ठ गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की युग निर्माण योजना पर प्रकाश डाला गया। चंदन मोदी ने कहा कि मानव मात्र में देवत्व के जागरण और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए गायत्री महामंत्र का घर-घर प्रतिस्थापन आवश्यक है। उन्होंने समाज में व्याप्त समस्याओं का मूल कारण अचिंत्य चिंतन बताया और कहा कि इसे केवल सद्विचारों के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा साहू, जलेश्वर महतो, लखी नारायण साहू, द्वारिका केशरी, नागेंद्र महतो, अनीता देवी, निर्मला देवी सहित गायत्री परिवार खूंटी शाखा के सक्रिय स्वजनों का योगदान रहा। यह जानकारी गायत्री परिवार के ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप

# तुमांग में सरहुल पूजा, आज निकलेगी शोभायात्रा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग में सरहुल पूजा हर्षोल्लास से मनाया गया। सरहुल झखरा स्थल डाली कतारी में पाहन लालदेव गंझु ने पूरे पारम्परिक तरीके से तीन मुर्गे की बलि देकर महतो मनोज गंझु एवं भुइहर शिवनाथ भोगता के सहयोग से पूजा किया। उसके बाद पाहन ने सभी लोगो के बीच फुलखोंसी किया। उसके बाद उपस्थित लोगों ने नगाड़े की थाप पर गीत नृत्य का आनंद लिया। झखरा स्थल पर पूजा के बाद तहरी प्रसाद बनाया गया। सभी लोगो के बीच तहरी प्रसाद का वितरण किया गया। वही पाहन गांव के रैयतो के साथ घर घर गए जहां पाहन का पैर धोकर और पैरों में तेल लगाकर स्वागत किया। वही रविवार को तुमांग में भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस मौके पर रोहिणी परियोजना पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, मैनेजर दीपक कुमार, केपी नायक, मुकद्दर कुमार, लहसन भोगता, अमृत भोगता, बालेसर भोगता, रिझू गंझू, रमेशर भोगता सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### बेड़ो और इटकी प्रखंड कार्यालय में मंत्री ने लाभुकों के बीच योजनाओं का किया वितरण

# गठबंधन सरकार जाति, धर्म-भाषा के आधार पर योजनाएं नहीं बांटती : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता





परियोजना स्थल का निरीक्षण करती मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की। लाभुकों के बीच सिलाई मशीन का वितरण करती मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की।

**बेड़ो/इटकी।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को बेड़ों और इटकी प्रखंड कार्यालय में लाभुकों के बीच राज्य सरकार की योजनाओं का वितरण किया। इस अवसर पर कहा कि राज्य में गठबंधन वाली सरकार योजनाओं को जाति, धर्म और भाषा के आधार पर नहीं बांटती, बल्कि जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने और उनके आंसू पोछने का काम करती है। सरकार का लक्ष्य गांव, घर के लोगों को मजबूत बनाना है। आज उसी उद्देश्य के साथ चाहे प्राकृतिक आपदा की मार झेल चुके लोग हो या सड़क दुर्घटना में अपनों को खोने वालों का परिवार। सरकार की योजनाओं का लाभ दे कर उन्हें मजबूत बनाया जा रहा है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य की जनता को गठबंधन वाली सरकार की योजनाओं को जानने की जरूरत है। जानकारी के अभाव में लोग सरकार की योजना का लाभ नहीं ले पाते है। कई बार तो गांव के भोले-भाले लोग बिचौलियों के चक्कर में फंस कर आर्थिक नुकसान की मार भी झेलते है। आज राज्य की गठबंधन वाली सरकार बच्चों के लिए छात्रवृति योजना से लेकर बुजुर्गों के लिए पेंशन और महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है। बस जरूरत है कि योजना की अहर्ता पाने वाले लोगों को आवेदन देने की। राज्य सरकार गांव को सबल और आत्म निर्भर बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। इस दौरान बेड़ों में प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले 170 लोगों को सरकारी मुआवजा दिया गया। वहीं, 36 महिलाओं को सिलाई मशीन, पांच लोगों को सड़क दुर्घटना मुआवजा, तीन लोगों को पशु क्षति राशि सहित दूसरी योजनाओं का लाभ दिया गया। वहीं, इटकी प्रखंड कार्यालय परिसर में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 20 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन, पांच लाभुकों के बीच किसान समृद्धि योजना के तहत सौर ऊर्जा संचालित पंप, 18 लाभुकों को मकान क्षति का मुआवजा सहित सड़क दुर्घटना , पानी में डूबने से मौत, वज्रपात से मौत पर मुआवजा राशि का वितरण किया। इस मौके पर बेड़ो में जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, प्रमुख विनीता कच्छप, उप प्रमुख मुदस्सीर हक, रसीद मीर, नवल किशोर सिंह, बुधराम बाड़ा और मीर मुस्लिम के अलावा इटकी में बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ मो अनीश, थाना प्रभारी मनीष कुमार, कृषि पदाधिकारी हेमंत टोप्पो, मुखिया रमेश महली, मो फिरोज सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा ने नवदंपति को दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को रांची विश्वविद्यालय (विवि) के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी के पुत्र मनीष चौधरी के शादी की प्रीतिभोज में शामिल हुए। डॉ चिलदाग स्थित एसडीपीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अर्जुन मुंडा ने नवनिवाहित दंपति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व अर्जुन मुंडा का गोंदलीपोखर में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में अनगड़ा भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। चिलदाग में अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता नये-नये सदस्यों को पार्टी से जोड़ रही है। लगातार एक ही चेहरा को देखते रहने से पार्टी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस मौके पर डॉ अमर कुमार चौधरी, पत्नी डॉ कुमुद कला मेहता, पुत्र राहुल चौधरी सहित पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, मनोज बाजपेयी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, रामसाय मुंडा, रामनाथ महतो, अजय महतो, घनेनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## तार काटा, बिजली गुल

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के बंधया गांव के नजदीक शुक्रवार की रात चोरों ने हाइटेंशन तार काट दिया। इससे नगड़ी सहित आसपास के गांवों में बिजली गुल हो गयी। तार के गिरने से तीन-चार बिजली के पोल भी गिर गये। साथ ही बंधया ग्रिड को भी काफी नुकसान पहुंचा है। शनिवार की सुबह बिजली विभाग द्वारा गिरे बिजली पोल को ठीक कर बिजली सप्लाई शुरू की गयी।

## मानसिक-शारीरिक रूप से विक्षिप्त महिला को इलाज के लिए भेजा गया रिनपास



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची हाइकोर्ट के निर्देश और न्यायायुक्त सह रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सचिव रवि कुमार भास्कर द्वारा कोतवाली थाना से समन्वय स्थापित कर मानसिक एवं शारीरिक रूप से विक्षिप्त पीड़िता पिंकी कुमारी को उचित ईलाज के लिए शनिवार को रिनपास भेजा गया। इससे पहले डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर खुद पीड़िता के पैतृक आवास स्थान महावीर चौक, दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के समीप पहुंचे और उसके परिवारवालों से मिले। पीड़िता पिंकी कुमारी के मानसिक और शारीरिक रूप से विक्षिप्त पाये जाने पर उसे तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकार लाया गया। डालसा सचिव के निर्देश पर पीड़िता और उनके परिवार का बयान भी दर्ज किया गया। बयान में प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता हैं कि भाईयों के बीच करोड़ों रुपये की संपत्ति के विवाद की वजह से पीड़िता को परिवारवालों ने अपने हाल पर छोड़ दिया है। डालसा सचिव द्वारा मध्यस्थता कराने के बाद दोनों भाईयों में यह सहमति बनीं कि दोनों मिलकर पिंकी कुमारी की देखभाल एवं ईलाज करेंगे। सभी आपस में मिलकर संपत्ति के विवाद का निबटारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से करेंगे। मौके पर डालसा सचिव के निर्देश पर संपत्ति विवाद के निस्तारण के लिए एक प्री-लिटिगेशन केस भी दर्ज कर लिया गया है। आगे भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पीड़िता को हर संभव मदद की जायेगी। पीड़िता पिंकी कुमारी को रिनपास में उचित ईलाज के लिए शनिवार को ही डालसा पीएलवी रेनु देवी एवं सूरज वर्मा द्वारा ले जाया गया। उक्त जानकारी डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने दी।

## बेड़ो-पिठोरिया के स्कूली बच्चों ने देखा एयर शो



**बेड़ो/पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल के छात्रों ने शनिवार को रांची के नामकुम में भारतीय वायु सेना की ओर से आयोजित शानदार एयर शो का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य दीपम बनर्जी, उप प्रधानाचार्य सोनम प्रसाद और शिक्षकगण भी विद्यार्थियों के साथ शामिल हुए। एयर शो का मुख्य आकर्षण भारतीय वायु सेना का प्रतिष्ठित सूर्य किरण एयरक्राफ्ट टीम थी, जिसने आकाश में एक से बढ़कर एक कला बाजियों और सटीक फ्लाइट मैन्यूवर्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य दीपम बनर्जी ने कहा कि यह एयर शो ना केवल छात्रों के लिए रोमांचक था, बल्कि इसने उनमें देशभक्ति और विज्ञान प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा भी जगाई। सेना के अनुशासन और टीमवर्क को करीब से देखना एक बेहतर शैक्षणिक अनुभव था। वहीं, उप-प्रधानाचार्या सोनम प्रसाद ने कहा कि सूर्य किरण टीम का प्रदर्शन अविस्मरणीय था। इस दौरान छात्रों ने वायुसेना के जवानों से सीधा संवाद भी किया और उड़ान संबंधी तकनीकी जानकारियां हासिल की। दूसरी ओर, नामकुम के खोजा टोली स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित एयर शो को देखने मारवा साइंस विजन पब्लिक स्कूल के 150 विद्यार्थियों की टीम पहुंची थी। विमान से बेहतरीन कलाबाजियां देख बच्चे काफी उत्साहित हुए। वायु सेना के पायलट और जवान साइंस विजन पब्लिक स्कूल के बच्चों से मुलाकात कर ऊर्जावान टिप्स दिए और पढ़ाई के बाद वायु सेना ज्वॉइन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक असीम अख्तर ने बताया कि वायु सेना द्वारा दिखाए गए करतब और साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा के बच्चों को दिए गए टिप्स से ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं।

## आगे बढ़ कर गरीबों की मदद करें : बंधु तिर्की



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में जेएसएलपीएस के महिला समूह की 25 दीदियों के बीच कल्याण विभाग की ओर सिलाई मशीन का वितरण पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया। उन्होंने कहा कि जाती धर्म से उपर उठकर समाज हित में कार्य करना है। गांव में बहुत से लोग अभी भी गरीबी रेखा से नीचे है। उन्हें भी आगे बढ़ाकर मदद करने की जरूरत है। समाज हित में कार्य करने के लिए जेएसएलपीएस बहुत बड़ा जरिया है। कहा कि कृषि विभाग की ओर से कई योजनाएं जैसे फुल बागवानी, मशरूम उत्पादन, बत्तक पालन, मुर्गी पालन, शिलाई मशीन वितरण होनी है। मौके पर बीडीओ उषा मिंज, सीओ पंकज कुमार, बिपीएम सबिता संगा, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, युवा अध्यक्ष जन्मेजय पाठक, वरिष्ठ कांग्रेसी देवेंद्र वर्मा, पवन ठाकुर, लखन साहू आदि मौजूद थे।

## बच्चों को घर पर प्रोत्साहन और समर्थन मिले तो उनकी सफलता की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं : प्रिंसिपल

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शनिवार को नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सभी कक्षा वर्गों के अभिभावकों के लिए एक पैरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल नरेंद्र नाथ महतो ने की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय के नियम, शिक्षण पद्धति तथा बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका से अवगत कराना था। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ महतो ने बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट पर फोकस करते हुए कहा कि किसी भी छात्र के शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास में विद्यालय के साथ ही घर के वातावरण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि अभिभावक अपने बच्चों को घर पर प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान करें, तो उनकी सफलता की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती है। प्रिंसिपल ने जानकारी दी कि विद्यालय की ओर से इस सत्र से सभी कक्षा वर्गों में नामांकन को पूर्णतः निःशुल्क कर दिया गया है, जिससे शिक्षा को और अधिक सुलभ एवं समावेशी बनाया जा सके। कार्यक्रम में सभी अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों के समग्र विकास एवं अन्य एक्टिविटीज को लेकर कई सवाल किए जिसका सकारात्मक जवाब दिया गया।

## मंडा पूजा को लेकर बैठक

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के दुबलिया गांव के शिव मंदिर में मंडा पूजा को लेकर शनिवार को विमल पाहन एवं लाला पाहन की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें इस वर्ष भी मंडा पूजा पूरे विधि-विधान के साथ भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान 28 अप्रैल को उतरी, 29 को फूलखुंदी एवं छऊ नृत्य, 30 को झूलन एवं शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में समाजसेवी संदीप उरांव, बीनू करमाली, संतोष करमाली, ग्राम प्रधान सतीश तिग्गा, वार्ड सदस्य विक्रम उरांव, सचिन कुजूर, प्रदीप लकड़ा, करमा मुंडा, सुनील उरांव, महादेव उरांव, मगन उरांव, बिरसा गुड्डू उरांव, सोहराई उरांव, मंगल उरांव, एतवा उरांव, दुर्गा गोड़ाईत, दुमका उरांव आदि थे।

## श्रीश्री 108 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खत्री खटंगा गांव स्थित शिव मंदिर में तीन दिवसीय श्री श्री 108 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो मंदिर परिसर से निकलकर पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए खत्री खटंगा गांव स्थित तालाब पहुंची। जहां पुजारी नित्यानंद पाठक, निकुंज पाठक, रंजीत पाठक,अभिषेक मिश्रा,रविकांत मिश्रा ने यजमान अंगद खन्ना सपत्नी रेशमी देवी, निलेश खन्ना गायत्री खन्ना, कुमारेश सहगल रानी देवी साकेत टंडन माया देवी, देवशरण नाथ टंडन सरिता देवी, रामेश्वर खन्ना दीपिका खन्ना और अजय नाथ टंडन चिंता देवी को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां गंगा का आह्वान कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। इसके बाद कलश लेकर पहुंची महिलाओं ने कलश में जल उठाया और वापस मंदिर परिसर पहुंच कर स्थापना की। वहीं श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, एकल परिवार के रमेश प्रसाद गुप्ता, पिंकु लाल खन्ना शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर पूजा समिति के कौशल किशोर राम, भूषण नाथ टंडन, कुणाल टंडन, अभिषेक टंडन, प्रीत सेठ, गौरव खन्ना, अमन टंडन, हनी खन्ना, रतन खन्ना, शिवम टंडन, शशांक सहगल, अकांशु खन्ना, लकी खन्ना, चंचल सहगल, संदीप टंडन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## नामकुम में ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को हुई भीषण ओलावृष्टि ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। खपरेल और एल्बेस्टर की छतों वाले सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इतना बड़ा ओला गिरते देखा है। चंदाघासी पंचायत के मरियातु गांव में शनिचरवा उरांव के पुत्र मोहन की शादी का माहौल था, लेकिन दोपहर में बारात जैसे ही प्लांडू गांव के लिए रवाना हुई। उसी समय भारी ओलावृष्टि हो गयी । घर में किसी के ना होने की वजह से बच्चों की किताबें, बिस्तर, अनाज और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह भीग गए। लोग खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर है। इधर, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने रांची के डीसी के नाम सीओ को एक आवेदन सौंपते हुए मांग की कि पूरे क्षेत्र का अविलंब सर्वेक्षण कर युद्ध स्तर पर राहत और क्षतिपूर्ति की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पीड़ितों के लिए तत्काल खाद्य सामग्री और आवास की व्यवस्था की जाए, ताकि लोग सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को मिला चेक



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** झारखंड ग्रामीण बैंक ककरिया शाखा की ओर से शनिवार को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शाखा प्रबंधक प्रिय नरायण झा ने विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत शनि लकड़ा की मृत्यु के बाद दो लाख ररुपये के बीमा राशि का चेक उसके भाई सनिक उरांव को सौंपा। इस अवसर पर प्रिय नारायण झा ने बताया कि जीवन ज्योति बीमा के तहत दो लाख रुपये का बीमा का प्रावधान है। जिसमें खाताधारक की मौत के बाद उसके आश्रित को दो लाख का बीमा राशि दिया जाता है। साथ ही मुद्रा लोन, कृषि नवीकरण, एसआइपी, एफडी और डिजिटल फ्रॉड से बचने को लेकर जानकारी दी। मौके पर बैंक सखी फुलवती कुमारी, श्रवन गोप, मनीष कुमार मौजूद रहें।

### उषा मार्टिन बेहतर शिक्षा-संस्कृति के लिए गांवों में स्कूलों का करायेगी जीर्णोद्धार

# पढ़ने की आदत बढ़ाने के लिए पांच गांवों में बनाये गये हैं पुस्तकालय : प्रिया बागची

आजाद सिपाही संवाददाता






**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से टाटीसिलवे स्थित कारखाना के इर्द-गिर्द के 18 गांवों में इस वित्तीय वर्ष (2024-25) में बेहतर शिक्षा के लिए आधारभूत संरचना के विकास की शानदार पहल की गयी है। इस दौरान कई गांवों में स्कूलों की मरम्मत एवं विकास के कई कार्य किये गये। इसके अलावा सामुदायिक भवन एवं पुस्तकालय को भी मरम्मत के बाद उसका सौंदर्यीकरण किया गया, ताकि गांवों में युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सके। इन कार्यों का परिणाम है कि मासू मध्य विद्यालय के बच्चे मुख्यमंत्री आदर्श विद्यालय के लिए चयनित हुए है। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत उलातू गांव के सामुदायिक भवन एवं भुवाल टोली में चबूतरा का निर्माण कराया गया। छोटे बच्चों के लिए खिलौना, किताब एवं खेलने की सामग्री भी मुहैया करायी गयी है। इस केंद्र पर शुद्ध पेयजल के लिए जलमीनार की मरम्मत कर सौर ऊर्जा से संचालित किया गया है, ताकि मरम्मत की समस्या नहीं हो। इसी तरह मासू गांव के पुस्तकालय का मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया गया है। इस पुस्तकालय को किताबें भी मुहैया करायी गयी है। महिलौंग स्थित मध्य विद्यालय के जर्जर मीटिंग हॉल को भी मरम्मत कराया गया। यहां लड़कियों के लिए एक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार उलातू में सामुदायिक भवन और चाहरदिवारी का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया गया है। इस वित्तीय वर्ष में टाटी स्थित गुरूकुल स्कूल का भी विकास कार्य किया गया। इसकी मरम्मत कराकर विद्यालय कुर्सी, टेबुल एवं अन्य सामग्री मुहैया करायी गयी। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से पिछले साल भी उलातू, टाटी एवं मासू विद्यालयों में मरम्मत कार्य चलाया गया था। फॉउंडेशन की ओर से मासू, उलातू, टाटी पूर्वी एवं टाटी पश्चिम, महिलौंग, होरहाप, हरातू, सिलवे आदि गांव में विद्यालय के समीप एवं अन्य सभी जगहों पर पेयजल के लिए जलमीनार की टंकी बदलने के अलावा, सोलर पैनल एवं प्लंबिंग सिस्टम को नया लगाया गया है ताकि गरमी के दिनों में पानी की दिक्कत नहीं हो सके। वहीं, उषा मार्टिन की प्रबंधक प्रिया बागची ने बताया कि रीडिंग हैबिट (पढ़ने की आदत) के लिए पुस्तकालय की अहम भूमिका है। इसलिए पांच गावों में पुस्तकालय की स्थापना की गयी है। इन गांवों के स्कूल में पुस्तकालय को पुनर्जीवित किया जा रहा है। पुस्तकालय के रखरखाव एवं उसके उपयोग पर लोगों को जागरूक बनाया जा रहा है। इससे लोगों में रीडिंग हैबिट में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले साल चार हजार से ज्यादा बच्चों के लिए 15 स्कूलों में किताबों का वितरण कराया गया। इस साल पुस्तकालय को केंद्र में रखकर कर शिक्षा के प्रति लोगों को जोड़ने का कार्यक्रम चलाया जायेगा। बताया कि शनिवार को अनगड़ा में एकल विद्यालय के 10 आचार्यों के साथ एक बैठक की गई। जिसमें सभी एकल विद्यालय के लिए दरी एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया।

## श्री पंचमुखी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित अंबेडकर मुहल्ला पुराना बाजार टांड रोड में नवनिर्मित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शनिवार से शुभारंभ हुआ। इसमें जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, भाजपा नेत्री शोभा यादव, मुख्य संरक्षक तपेशवर केशरी, डॉ त्रिवेणी नाथ साहू, प्रो प्रेमसागर केशरी, केशव कुमार भगत, शशि भूषण भगत, रामजीवन केशरी, केदार महतो, द्वारिकानाथ साहू,सीताराम केशरी, छेदी राम, समाजसेवी बजरंग महतो, पसस शीला देवी, डीके यादव और निर्माण समिति के अध्यक्ष संजय राम आदि ने भगवा ध्वज दिखाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। जो मंदिर परिसर से शुरू होकर स्वर्ण रेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुंआ तक पहुंची और वहां से पवित्र जल लाकर विधिवत पूजन पंकज पांडे एवं उनके सहयोगियों द्वा कराया गया। कलश यात्रा में 500 महिलाओं एवं कन्याओं ने भाग लिया। इस मौके पर राजेश नायक, सोहन नायक, लक्ष्मण नायक, जोशीत केशरी रघुनन्दन राम, रघुनंदन केशरी, रामप्रवेश राम, राजेश राम, संतोष राम, शिव नंदन राम और उदय केशरी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### जिलास्तरीय बैंकर्स की बैठक में उप विकास आयुक्त ने दिया दिशा निर्देश

# अब नहीं अटकेंगे किसानों के ऋण अधिकारियों को मिले स्पष्ट निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिले में संचालित विभिन्न सरकारी बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम, जेएसलपीएस प्रतिनिधि, जिला उद्यमी समन्वयक, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना और स्वयं सहायता समूह संबंधित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री महतो ने कहा कि जिन लाभुकों का केवाइसी अब तक पूर्ण नहीं हो सका है, उसका शीघ्रता से निष्पादन कराया जाये, ताकि लाभुक किसान समय पर ऋण सुविधा का लाभ उठा सकें। साथ ही सभी लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन और लक्ष्यानुसार कार्य सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, पशुपालन, कृषि, उद्यान और मत्स्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गयी है।

डीडीसी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किये गये। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, एलडीएम गुमला, डीपीएस, जेएसलपीएस सहित सभी बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मंजीरा गांव स्थित तालाब में डूबने से गांव के 50 वर्षीय भारत उरांव की मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भारत उरांव शराब की नशे में था और वह अपने घर से लगभग दिन के 3:00 बजे नहाने के लिए तालाब गया। जहां पर वह नशे की हालत में तालाब में घुसा परंतु वह बाहर नहीं निकल पाया, तो आसपास में खेल रहे बच्चों ने देखा कि भरत नहाने के लिए पानी में घुसा परंतु काफी देर हो जाने के बाद भी वह पानी से बाहर नहीं निकल रहा है। बच्चों के द्वारा परिजनों को इसकी जानकारी दी गयी, घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन तालाब पहुंचे और तालाब से ढूंढ कर उसे बाहर निकले तब तक उसकी मौत हो गयी थी। मौके घटनास्थल पहुंच कर पुलिस शव को अपने कब्जे में ले कर पंचनामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

### गुमला में भ्रष्टाचार विरोधी मंच के नेताओं की हुई बैठक

# भ्रष्टाचार कैंसर की तरह देश को खोखला कर रहा है जिसे बर्दाश्त करना देश से गद्दारी होगी : विजय सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच के तत्वाधान में गुमला स्थित थाना रोड में सेवानिवृत शिक्षक हाफिजुर रहमान की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जेएनडी के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार कैंसर की तरह देश को खोखला कर रहा है जिसे बर्दाश्त करना देश से गद्दारी होगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि सरकार संरक्षित भ्रष्टाचार चरम पर है जिसके विरुद्ध देश के एक जिम्मेवार नागरिक होने के नाते लोगों को आगे आना होगा। बैठक में आरटीआइ और सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने कहा कि 2005 में आम नागरिकों के लिए लाया गया, सूचना अधिकार कानून को प्रभावित करने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा लाया गया एक नया अधिनियम डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट को लाना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा देने की कोशिशें है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध व्यापक अभियान और आंदोलन की तैयारी के लिए 10 मई 2025 को जिला मुख्यालय गुमला में एक आम बैठक की जायेगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर आवाज उठाने वाले लोगों को इस भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम की टीम में सम्मिलित करने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा, रवि सिंह और अन्य कई लोग मौजूद थे।

## फौजी ने पेट्रोल छिड़क कर आत्महत्या का किया प्रयास

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के गम्हरिया ग्राम निवासी फौजी लक्ष्मण उरांव ने अपने चाचा और चचेरे भाइयों से परेशान होकर जमीन बंटवारे को लेकर अपने परिवार संग अंचल कार्यालय घाघरा पहुंचा। इस क्रम में फौजी लक्ष्मण उरांव ने अपने साथ जर्किन में रखे पेट्रोल को अपने शरीर पर डाल लिया। और जमीन दिलाने को लेकर शोर मचाने लगा। साथ ही जमीन नहीं दिलाने की स्थिति में आग लगाकर आत्महत्या करने की धमकी दी, जिससे बाद ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गयी। घटना की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल पहुंचे और अपने चैंबर में बुलाया। इस संबंध में फौजी लक्ष्मण उरांव ने बताया कि उसके चचेरे चाचा और चचेरे भाइयों द्वारा अपने हिस्से के जमीन के साथ-साथ हमारे हिस्से का भी जमीन बेच रहा है। तीन साल से हम सभी लोग काफी परेशान है। इन लोगों द्वारा काफी परेशान हम सभी परिवार के लोगों को किया जा रहा है। थाना में जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरी जमीन मेरे हिस्से की जमीन मुझे आज ही दिलाये अन्यथा मैं पत्नी बच्चों के साथ आत्महत्या कर लूंगा। इसके बाद अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कहा कि मंगलवार को थाना दिवस के दिन आप सभी भी आये और आपके चाचा और उनके बेटों को भी बुलाया जाएगा और मामले का निपटारा किया जायेगा। साथ ही कर्मचारियों को जांच के निर्देश भी दी जा रही है। ताकि जल्द इसकी जांच की जा सके। हालांकि फिर भी लक्ष्मण अपने बातों पर अडिग था। इसके बाद उनके साथ आये परिजनों को अंचलाधिकारी द्वारा समझाया गया। वही जिसके बाद घाघरा पुलिस उक्त फौजी को थाना लेकर गयी। जहां पुलिस द्वारा समझाने के बाद लक्ष्मण अपने परिवार और बच्चों के साथ गम्हरिया घर वापस लौट गये। परिजनों ने बताया कि उक्त फौजी लक्ष्मण अरुणाचल प्रदेश में कार्यरत है। छुट्टी में वह घर लौटा है। इस संबंध में आशीष कुमार मंडल ने कहा इससे पहले एक दिन भी लक्ष्मण जमीन विवाद की बात को लेकर आंचल कार्यालय नहीं आया था। जिसके बाद उसे समझाया गया है आने वाले थाना दिवस के दिन उसकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा।

## वृद्ध का शव तालाब से बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुगांव तालाब में डूबे वृद्ध भिखुवा उरांव का शव एनडीआरएफ की टीम द्वारा निकाला गया। घटनास्थल पर बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, थाना प्रभारी पुनीत मिंज शामिल थे। बताते चलें दो एनडीआरएफ टीम के कर्मी पानी में नीचे जाकर खोजबीन और काफी मशक्कत किया। जिसके बाद शव का पता चल सका। वहीं पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। बता दे कि गुरुवार को दिन के लगभग 11 बजे तालाब में भिखुवा उरांव अपने भैंसों को नहला रहा था, इसी क्रम में वह तालाब में डूबा गया। दो दिनों तक पुलिस प्रशासन द्वारा काफी प्रयास शव निकालने को लेकर किया गया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम शनिवार को पहुंचकर शव निकालने का काम किया। वहीं परिजनों ने उचित मुआवजा की मांग की है। मौके पर कुगांव मुखिया गीता उरांव, पंचायत समिति सदस्य श्रवण उरांव, प्रतिनिधि संजीव उरांव, कामाख्या भगत, सत्येंद्र उरांव, कमल कुजूर सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# हिंदू सुरक्षा की मांग को लेकर गुमला में उठी आवाज, राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** पश्चिम बंगाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जिला प्रशासन के माध्यम से भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को सौंपा गया। जिसमें बंगाल में हुई घटनाओं पर गहरी चिंता जतायी गयी और तत्काल केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की गयी। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने देशभर में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता जाहिर की और बंगाल सरकार की भूमिका पर सवाल उठाये। ज्ञापन में यह मांग की गयी कि बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से विफल हो चुकी है, इसलिए अविलंब राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये, हिंसा की जांच एनआइए द्वारा कार्रवाई जाये और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाये। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गयी तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में विभाग संयोजक मुकेश सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव, शिवा गुप्ता, नितेश सिंह, शानू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्य में दिनों दिन गिरती कानून और विधि व्यवस्था चिंताजनक: रमेश कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** राज्य में दिनों दिन गिरती कानून और विधि व्यवस्था राज्य में उत्पन्न व्यापारियों में असंतोष की स्थिति को लेकर गुमला चेंबर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी की अध्यक्षता में यह प्रेस वक्तव्य जारी किया गया। रमेश कुमार कुमार चीनी ने कहा के गुमला जिले के साथ पूरे राज्य में जिस तरह से कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है, अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है, हत्या लूट चरम पर है, यह चिंता का विषय है, व्यापारियों और आम नागरिकों में एक भय का माहौल बनते जा रहा है लोग अपने आप को असहज महसूस कर रहे हैं। हम जिला प्रशासन विशेष कर पुलिस प्रशासन और झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन से आग्रह करते हैं कि बिगड़ती विधि व्यवस्था कानून व्यवस्था को यथाशीघ्र सुधार करने का प्रयास करें। ऐसा ना हो के व्यापारीगण पलायन को विवश हो जाये। अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि जिला प्राशासन युवाओं में बढ़ते नशापान में अंकुश लगाये, नशापान भी अपराध की वजह है। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा के अगर इसी तरह से कानून व्यवस्था बिगड़ती रही तो चेंबर आंदोलन के लिए विवश होकर झारखंड बंद का भी आह्वान कर सकता है। इस प्रेस वार्ता के समय गुमला चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार, चीनी निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी आदि लोगों उपस्थित थे।

# अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों का बसिया में स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** गोड्डा जिला में अयोजित अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुमला जिले की टीम से बेहतर प्रदर्शन कर लौटने वाले खिलाड़ियों को बसिया प्रखंड के खुदी चौक कोनबीर में फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। समाजसेवी पंकज साहू के नेतृत्व में इस स्वागत सह सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। खिलाड़ियों में रामजड़ी गांव के नीलेश कंसारी-पिता राजेश कंसारी और बसिया गांव के निकुम कुमार साहु-पिता दीपक कुमार साहु एवं अंडर-14 ग्रुप से सिदमा गांव के अर्नव मिश्रा-पिता अंजनी मिश्रा और कलिंगा गांव के आदित्य कुमार महतो पिता शिव महतो के नाम शामिल हैं। साथ ही भागीडेरा गांव की पांच बालिका खिलाड़ी का भी जोरदार स्वागत हुआ। ये खिलाड़ी झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला वुमेंस अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं। इन खिलाड़ियों में दीपिका कुमारी पिता गोकुल राम, करिश्मा कुमारी पिता राजकिशोर साहु, सोनी कुमारी-पिता रंजीत साहु, श्रुति कुमारी-पिता सुरज साहु और बिनीता कुमारी-पिता राजु साहु आदि मौजूद थे।
































आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 20 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



### संगठित अपराध के खिलाफ धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता

# गैंगस्टर प्रिंस खान गैंग का शातिर सदस्य मो. नौशाद आलम गिरफ्तार

## हथियार और चोरी की बाइक भी बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**प्रिंस खान-गोपी खान के गिरोह के लिए चोरी की बाइक और अवैध हथियारों की आपूर्ति करने की बात कबूली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



पकड़े गये बदमाश की जानकारी देते सिटी एसपी अजीत कुमार एवं अन्य।

**धनबाद।** पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गैंगस्टर प्रिंस खान और गोपी खान के कुख्यात गिरोह के एक सक्रिय सदस्य मो नौशाद आलम को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और दो ज़िंदा कारतूस के साथ ही चोरी की एक बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी, क्योंकि वह कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। गैंग के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा था। इसकी जानकारी सिटी एसपी अजीत कुमार ने दी। वे शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### जांच अभियान के दौरान पकड़ाया

सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन को गुप्त सूचना मिली थी कि गिरोह का एक सदस्य अवैध हथियार और चोरी की बाइक लेकर कहीं जा रहा है। सूचना के आधार पर एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई, जिसने भूली ओपी क्षेत्र के गुलजारबाग ट्रेनिंग स्कूल की ओर जानेवाले रास्ते पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को बाइक पर आते देखा। पुलिस ने जब उसे रोका और बाइक के कागजात मांगे, तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह प्रिंस खान और गोपी खान के गिरोह के लिए चोरी की बाइक और अवैध हथियारों की आपूर्ति कर रहा था। पुलिस अब मो नौशाद के आपराधिक इतिहास की छानबीन कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गिरोह में उसकी भूमिका कितनी गहरी है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि अवैध हथियारों की सप्लाई कहां से हो रही थी और इसे किन-किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। सिटी एसपी ने बताया कि धनबाद पुलिस संगठित अपराध के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है।

## पत्रकारों से मिले कांग्रेसी, कार्रवाई का दिया आश्वासन




**धनबाद (आजाद सिपाही)। रणधीर वर्मा चौक पर विगत दिनों मीडियाकर्मियों पर कांग्रेस नेता के बेटे एवं समर्थकों द्वारा किये गये हमले को लेकर रांची से पार्टी के आला कमान के निर्देश पर कांग्रेस की तीन सदस्यीय टीम ने शनिवार को गांधी सेवा सदन स्थित प्रेस में जाकर पदाधिकारियों और पत्रकारों से मुलाकात की। जिसका नेतृत्व राकेश सिन्हा ने किया। टीम ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि पत्रकारों पर हमला निंदनीय है। इसकी जांच की जा रही है, जिसकी रिपोर्ट आला कमान को सौंपी जागी। उन्होंने दोषियों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया ।बतातें चलें कि कांग्रेस नेता राशिद राजा अंसारी, उनके भाई और बेटों ने पत्रकारों के साथ कवरेज के दौरान दुर्व्यवहार और मारपीट की थी, जिसके बाद से पूरे जिले में विरोध प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।**

# विधायक मथुरा महतो से बदसलूकी, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का क्लर्क गिरफ्तार

**- लोगों से मिल रही शिकायतों की जांच के लिए फोन कर आरोपी ने विधायक को ही सुना दी खरीखोटी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** विधायक मथुरा प्रसाद महतो को विगत कई दिनों से लगातार शिकायत मिल रहा थी कि टुंडी एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में कार्यरत क्लर्क अंकित कुमार लोगों से दुर्व्यवहार कर रहा है। विधायक ने जब खुद इसकी जांच करनी चाही और फोन पर उक्त क्लर्क से संपर्क किया तो वे (विधायक) भी उक्त क्लर्क के कोपभाजन का इशकार बन गये। तब विधायक ने अपने सभी समर्थकों को त्वरित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पहुंचने को कहा। इसके बाद कार्यकर्ता विधायक की बात पर अमल करते हुए तुरंत स्कूल पहुंच गए। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में सभी कार्यकर्ताओं एवं विद्यालय के कर्मचारियों के साथ विधायक ने बैठक कर खुद आपबीती सुनाई। तभी मनियांडीह थाना प्रभारी को फोन कर विद्यालय बुलाया। इसके बाद पुलिस ने क्लर्क अंकित कुमार को हरिजन अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर तुरंत गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में जेल भेज दिया। विधायक के इस निर्णय पर सभी अभिभावकों एवं कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली। इस मौके पर विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद किस्कू, कामेश्वर प्रसाद सिंह, इंद्रलाल बास्की, श्रवण टुडू, शक्ति हेंब्रम, छोटनलाल मुर्मू, रामलाल मुर्मू, साहेबलाल टुडू, वीरेंद्र मुर्मू, मदन महतो, आनंद महतो, मनोज महतो आदि उपस्थित थे।

## अजटेका बार एंड लाउंज का हुआ शुभारंभ

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बारामुड़ी अशर्फी हॉस्पिटल स्थित द वेडिंग बेल्स रिसोर्ट में शनिवार को अजटेका बार एंड लाउंज का उद्घाटन वेडिंग बेल्स के पार्टनर्स ऑनर राम मोहन सिंह, सुरेश सिंह, हरीश सिंह, अमित प्रधान और मुकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर हरीश सिंह ने बताया कि धनबाद में वेडिंग बेल्स परिसर में ही अजटेका बार एंड लाउंज क्लबिंग का नया थीम लेकर आए हैं, जो मनोरंजन की दृष्टिकोण से धनबाद में पहली बार अलग हटकर मेट्रो थीम विभिन्न सुविधाओं से युक्त होगा। बताया कि हाल ही में बार्बीक जैसी थीम का होटल धनबाद में खोला हूं, जो सफल साबित हो रहा है। अब अजटेका में भी धनबादवासियों का मनोरंजन होगा।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, थाना प्रभारी ने दिये सुझाव



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नप क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में माहेर संस्था ( मां का घर) की ओर से शनिवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था की ललिता किंडो ने की। इसमें बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने महिलाओ से कहा कि समाज में गरीबी स्वीर है पर गंदगी नहीं। स्वच्छता को लेकर जिस प्रकार कोरोना काल में लोगों ने ध्यान दिया, उसी तरह वर्तमान समय में महिलाएं एवं लोग स्वच्छता पर जरूर ध्यान दें। बच्चो को शिक्षित करने में शौक के कारण अधिक खर्च ना करें, क्योंकि आपके द्वारा बचत किया गया रुपया बुरे समय में काम आता है। महिलाओ को मुट्ठी बांधकर रखना है। कभी-कभी मुट्ठी खोलकर रुपये का सदुपयोग करें। कोई काम को बड़ा या छोटा नहीं होता। हर व्यक्ति का अपना काम सर्वश्रेष्ठ होता है। नशा को लेकर कहा कि बच्चों की बेहतर परवरिश करने में लगभग 12 वर्ष लगते है। पर उन्हें बिगड़ने में बहुत ही कम समय लगता है। इस कारण बच्चों को समय- समय पर जागरूक करें। महिलाओं को हंसते हुए समस्याओं का समाधान कर लेना चाहिए। वहीं, ललिता किंडो ने बताया कि संस्था में महिलाओं को जोड़कर उन्हें कई प्रकार की सुविधा दिलायी गयी है। महिलाएं सिलाई कढ़ाई के अलावा घरेलु खाद्य सामग्री बनाना सिखती हैं। इस मौके पर संस्था के एसएचजी सुपरवाइजर रमेश कुमार मरांडी, रानी बेसरा, शीतल देवी, शशी शर्मा, सोनम कुमारी, मंजू देवी, आरती देवी, रीता देवी, श्वेता, रेखा, पूजा देवी, सुषमा आदि मौजूद थे।

## एक साल के भीतर ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप को चालू करने की योजना : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**जलापूर्ति एवं मद्य निषेध मंत्री ने किया कथार में प्रस्तावित टीआरडब्ल्यू स्थल का निरीक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कथारा के प्रस्तावित टीआरडब्ल्यू स्थल का निरीक्षण करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**कथारा/बेरमो।** राज्य के जलापूर्ति एवं मध निषेध मामलों के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शनिवार को कथारा स्थित झारखंड विद्युत निगम लिमिटेड कार्यालय परिसर का दौरा किया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद यहां प्रस्तावित ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने उपस्थित विभागिय अधिकारियों को वर्कशॉप निर्माण कार्य के लिए आवश्यक कागजी प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। बताया कि उनके प्रयास से यहां टीआरडब्ल्यू का निर्माण किया जाएगा। जिससे बेरमो और गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विद्युत आपूर्ति की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि यहां विद्युत निगम लिमिटेड का तीन एकड़ जमीन आवंटित है। जिसमें चार दीवारी निर्माण के लिए एक करोड़ 77 लाख रुपए की निविदा निकाली गयी गयी है। कहा कि यहां अगले एक साल के भीतर ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप चालू करने की योजना है। यहां वर्कशॉप खोलने से बेरमो, गोमिया और डुमरी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी। पहले ट्रांसफार्मर खराब होने पर 50 से 100 किलोमीटर दूर इसकी मरमती के लिए बोकारो के चास ले जाया जाता था। जिसमें आवश्यक खर्च के साथ ही समय की बर्बादी होती थी। अब यहीं सुविधा होने से लोगों की परेशानी कम होगी। इस मौके पर बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम, बिजली विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता डीके सिंह, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, शकील राज, इकबाल अहमद और अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

आम सूचना

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांकः–10 मई 2025 (शनिवार)
स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 10.05.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः–

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.30 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क कर सकते हैं।

हारिस बिन जमां
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

राजकमल मिश्रा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

जनहित में जारी
द्वाराः–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 350637 (Lohardaga) 25-26 (D)

## करगली क्षेत्रीय अस्पताल में पूर्व की भांति ही होगा इलाज: श्यामल सरकार



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके के करगली क्षेत्रीय अस्पताल की आपातकालीन सेवा को ढोरी केंद्रीय अस्पताल में शिफ्ट किये जाने को लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के प्रतिनिधियों ने जवाहर नगर स्थित रीजनल कमेटी के अध्यक्ष श्यामल सरकार के आवासीय कार्यालय में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्यामल सरकार नेकहा कि सीसीएल प्रबंधन की ओर से बीएंडके क्षेत्र के करगली रिजनल अस्पताल की सेवा आकस्मिक बंद कर ढोरी केंद्रीय अस्पताल में शिफ्ट करने के लिये गये फैसले को सीसीएल प्रबंधन ने वापस ले लिया है। यह सब कोयला मजदूरों की एकता और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संघर्ष की देन है। कहा कि सीसीएल मुख्यालय के मेडिकल ऑफिसर डॉ रत्नेश जैन द्वारा 10 अप्रैल को पत्र जारी कर 15 अप्रैल से करगली क्षेत्र अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं को बंद कर ढोरी में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद 15 अप्रैल को ही यूनियन ने मजदूरों के साथ मिलकर अस्पताल के समक्ष प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि 30 अप्रैल तक प्रबंधन उक्त निर्णय को वापस नहीं लेता है तो दो मई से बेरमो में सीसीएल के तीनों एरिया बीएंडके, ढोरी और कथारा का चक्का जाम कर दिया जाएगा। साथ ही इसकी जानकारी यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह को दी गयी थी। इसके बाद विधायक और यूनियन के दबाव में आकर प्रबंधन ने 16 अप्रैल को तत्काल बैठक कर अपने उक्त निर्णय को वापस लेने की बात कही। कहा कि जल्द ही क्षेत्रीय अस्पताल में चार अन्य चिकित्सक की नियुक्ति करवाई जाएगी। इसमें तीन चिकित्सक करगली क्षेत्रीय अस्पताल में सेवा देंगे एवं एक चिकित्सक जवाहर नगर डिस्पेंसरी में अपनी सेवा देंगे। वहीं, क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि करगली क्षेत्रीय अस्पताल में इमरजेंसी सेवा बंद होने से बीएंडके क्षेत्र के लगभग 2.5 हजार कामगार सहित यहां के विस्थापित एवं एरिया से प्रभावित लोगों की चिकित्सा सेवा प्रभावित होगी। पूर्व में भी प्रबंधन द्वारा ऐसा निर्णय लिया गया था। इस पर हमारी यूनियन ने बड़ा विरोध किया जिसके बाद प्रबंधन ने अपने उक्त निर्णय को वापस लिया था। मौके पर एकेकेओसीपी अध्यक्ष सुकुमारन, सचिव जयनाथ तांती, कारो ओसीपी सचिव प्रताप सिंह, करगली अध्यक्ष शरण सिंह राणा, बोकारो कोलियरी सचिव किशोरी शर्मा, बोकारो अध्यक्ष हरिमोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

## मीडियाकर्मियों पर हमले के विरोध में निरसा प्रखंड कार्यालय पर पत्रकारों ने दिया धरना

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री के नाम पत्रकारों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**सभी ने एक स्वर में की राज्यभर में पत्रकार कानून लागू करने की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



निरसा प्रखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते मीडियाकर्मी।

**चिरकुंडा।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के खिलाफ विगत बुधवार को कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी के पुत्र सैफ-कैफ और मन्नू अंसारी की अगुवाई में रणधीर वर्मा चौक विरोध प्रदर्शन के दौरान तस्वीर खींच रहे कांग्रेसियों द्वारा पत्रकारों-छायकारों पर किये गये हमले के प्रतिवाद में निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ के बैनर तले पत्रकारों ने निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पत्रकारों ने बीडीओ इंद्रलाल ओहदार को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान पत्रकारों ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और हमलावरों को अविलंब गिरफ्तार कर कठोर दंड देने की मांग की। लगे हाथ झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून को भी लागू करने की मांग की गयी। धरना का नेतृत्व कर रहे निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि धनबाद में पत्रकारों पर हमला होना यह दर्शाता है कि पत्रकार सुरक्षित नहीं हैं। घटना में शामिल लोगों को अविलंब गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए। वहीं, सचिव संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेसी नेता के पुत्र द्वारा धनबाद के हृदय स्थली रणधीर वर्मा चौक पर पत्रकारों पर हमला निंदनीय है। सरकार से मांग है कि राज्य में जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो, ताकि पत्रकारों के हितों की रक्षा हो सके। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार रामजी यादव ने कहा कि पत्रकारों पर इस तरह का हमला लोकतंत्र पर हमला है। सत्ता में शामिल कांग्रेस को भी दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करनी चाहिए। जिला प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर हुई हैं और आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापामारी भी कर रही हैं। अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे राज्य में पत्रकारों की ओर से आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर पंकज विद्रोही, प्रवीण चौधरी, दीपक सिंह, सुनील अंबष्ट, राजकुमार महतो, धर्मेंद्र शर्मा, संजय सिंह, धर्मदेव चौधरी, पूर्णेंदु दत्ता, इंद्रदेव राजवंशी, सुरजीत महतो, हीरालाल मंडल, विजय गुप्ता, निवास सिंह, अवध बिहारी, हरेंद्र कुमार सैनी, विधान तिवारी, उत्तम झा, दिनेश गोस्वामी, कन्हैया यादव, पिंटू चौबे, संतोष साब, राजकुमार सिंह,अजीत साधु, शमामा औसाल, टिंकू गुप्ता, मनोज सिंह, नरेश विश्वकर्मा, अरविंद सिंह, बुबाई घोष, रंजन मित्रा, पवन मोदी, पप्पू साहनी, अमरजीत, संजय शर्मा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को उनके मांग के आधार पर शौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड वॉश कॉडिनेटर से संपर्क कर दिनांक 25.04.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क0 सं0 | प्रखंड | VWSC/SHG का नाम | पता | शौचालय की संख्या | शौचालय की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बसिया | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, टांगरजरिया<br>1. श्रीमति सरिता उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–टांगरजरिया, पंचायत–ममरला प्रखंड–बसिया।<br>2. श्रीमति सरिता केरकेट्टा (कोषाध्यक्ष), ग्राम–टांगरजरिया, पंचायत–ममरला प्रखंड–बसिया। | ग्राम–टांगरजरिया पंचायत–ममरला, प्रखंड–बसिया जिला–गुमला। | 102 अदद | 12,24,000/– |
| 2 | बसिया | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, किंदिरकेला<br>1. श्री विकास इन्दवार (अध्यक्ष), ग्राम–किंदिरकेला, पंचायत–मोरेंग, प्रखंड–बसिया।<br>2. श्रीमति गुलशन बीबी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–किंदिरकेला, पंचायत–मोरेंग, प्रखंड–बसिया। | ग्राम– किंदिरकेला, पंचायत–मोरेंग, प्रखंड–बसिया जिला–गुमला। | 106 अदद | 12,72,000/– |
| 3 | बसिया | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, बरटोली<br>1. श्रीमति फिलिसीता टोप्पो (अध्यक्ष), ग्राम–बरटोली, पंचायत–तुरबुंगा, प्रखंड–बसिया,<br>2. श्रीमति मरियम एक्का (कोषाध्यक्ष), ग्राम–बरटोली, पंचायत–तुरबुंगा, प्रखंड–बसिया, | ग्राम–बरटोली, पंचायत–तुरबुंगा, प्रखंड–बसिया, जिला–गुमला। | 209 अदद | 25,08,000/– |
| 4 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, कोन्सा<br>1. श्री प्रेमचंद केरकेट्टा (अध्यक्ष), ग्राम–कोन्सा, पंचायत–कोन्सा, प्रखंड–कामडारा।<br>2. श्रीमति पुष्पा बरला (कोषाध्यक्ष), ग्राम–कोन्सा, पंचायत–कोन्सा, प्रखंड–कामडारा। | ग्राम–कोन्सा, पंचायत–कोन्सा, प्रखंड–कामडारा। जिला–गुमला। | 168 अदद | 20,16,000/– |
| 5 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, कुलबुरू<br>1. श्रीमति सुनीला सुरीन (अध्यक्ष), ग्राम–कुलबुरू, पंचायत–कुलबुरू, प्रखंड–कामडारा।<br>2. श्रीमति रोजलिन सुरीन (कोषाध्यक्ष), ग्राम–कुलबुरू, पंचायत–कुलबुरू, प्रखंड–कामडारा। | ग्राम–कुलबुरू, पंचायत–कुलबुरू, प्रखंड–कामडारा। जिला–गुमला। | 314 अदद | 37,68,000/– |
| 6 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सरिता<br>1. श्री विरेन्द्र सुरीन (अध्यक्ष), ग्राम–सरिता, पंचायत–सरिता, प्रखंड–कामडारा।<br>2. श्रीमति तारामुनी सुरीन (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सरिता, पंचायत–सरिता, प्रखंड–कामडारा। | ग्राम–सरिता, पंचायत–सरिता, प्रखंड–कामडारा। जिला–गुमला। | 263 अदद | 31,56,000/– |
| 7 | गुमला | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अम्बोवा<br>1. श्रीमति सीता देवी (अध्यक्ष), ग्राम–अम्बोवा, पंचायत–अम्बोवा, प्रखंड–गुमला।<br>2. श्रीमति रोमा कुजूर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–अम्बोवा, पंचायत–अम्बोवा, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–अम्बोवा, पंचायत–अम्बोवा, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 420 अदद | 50,40,000/– |
| 8 | गुमला | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, तेलगॉव<br>1. श्री विनोद उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम–तेलगॉव, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला।<br>2. श्रीमति फुलकेरिया मिंज (कोषाध्यक्ष), ग्राम–तेलगॉव, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। | ग्राम–तेलगॉव, पंचायत–तेलगॉव, प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला। | 469 अदद | 56,28,000/– |
| 9 | चैनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, चैनपुर<br>1. श्रीमति शोभा देवी (अध्यक्ष), ग्राम–चैनपुर, पंचायत–चैनपुर, प्रखंड–चैनपुर।<br>2. श्रीमति बीना देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–चैनपुर, पंचायत–चैनपुर, प्रखंड–चैनपुर। | ग्राम–चैनपुर, पंचायत–चैनपुर, प्रखंड–चैनपुर। जिला–गुमला। | 85 अदद | 10,20,000/– |
| 10 | चैनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, झरगॉव<br>1. श्री दीपक खलखो (अध्यक्ष), ग्राम–झरगॉव, पंचायत–रामपुर, प्रखंड–चैनपुर।<br>2. श्रीमति पुनम खालखो (कोषाध्यक्ष), ग्राम–झरगॉव, पंचायत–रामपुर, प्रखंड–चैनपुर। | ग्राम–झरगॉव, पंचायत–रामपुर, प्रखंड–चैनपुर। जिला–गुमला। | 172 अदद | 20,64,000/– |
| 11 | चैनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, नंदावल<br>1. श्रीमति मधुरा मिंज (अध्यक्ष), ग्राम–नंदावल, पंचायत–कातिंग, प्रखंड–चैनपुर।<br>2. श्रीमति स्वर्णलता मिंज (कोषाध्यक्ष), ग्राम–नंदावल, पंचायत–कातिंग, प्रखंड–चैनपुर। | ग्राम–नंदावल, पंचायत–कातिंग, प्रखंड–चैनपुर। जिला–गुमला। | 137 अदद | 16,44,000/– |
| 12 | बिशुनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, लापु<br>1. श्री कलेश्वर उरॉव (अध्यक्ष), ग्राम– लापु, पंचायत–घाघरा, प्रखंड–बिशुनपुर।<br>2. श्रीमति मानती उरॉव (कोषाध्यक्ष), ग्राम–लापु, पंचायत–घाघरा, प्रखंड–बिशुनपुर। | ग्राम– लापु, पंचायत–घाघरा, प्रखंड– बिशुनपुर। जिला–गुमला। | 101 अदद | 12,12,000/– |

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला

PR 350651 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

# शुभ लग्नोत्सव

आयो रे शुभ दिन आयो रे...

## एक बहुत बड़ा फैसला वैवाहिक जीवन का

विवाह जीवन का एक बहुत बड़ा फैसला होता है, ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि लड़का और लड़की की कुंडली पहले किसी अनुभवी ज्योतिषी से दिखाया जाए। ऐसा होता भी है। साधारणतः बिना कुण्डली मिलान के हिंदुओं में शादी नहीं होती हैं। वैदिक ज्योतिष में विवाह संस्कार को काफी महत्वपूर्ण और शुभ माना गया है, इसलिए शुभ मुहूर्त के साथ-साथ शुभ तिथियां, नक्षत्र, योग और करण का भी ध्यान रखा जाता है।

**शुभ करण :-** विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए सात ऐसे करण बताए गए हैं जिन्हें शुभ माना गया है. किन्स्तुघना करण, बव करण, बालव करण, कौलव करण, तैतिल करण, गर करण, वणिज करण शादी के लिए शुभ होते हैं।

**मुहूर्त :-** विवाह करने के लिए अभिजीत मुहूर्त और गोधूलि बेला का मुहूर्त को बेहद शुभ माना जाता है। तिथि- द्वितीया, तृतीया, पंचमी, सप्तमी, एकादशी, त्रयोदशी तिथि में शादी करना शुभ माना जाता हैं. शुभ नक्षत्र रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र मघा नक्षत्र, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र को शुभ माना गया है।

**शुभ दिन :** सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार इन दिनों को विवाह के लिए काफी शुभ माना जाता हैं।

Gitanjali Banquet Hall
A Luxurious Property Full Of Modern Amenities & Premium Features
☑ 7200sq Ft Centralized Ac Hall
☑ 18000 Sq Ft Lawn
☑ 13A/C Deluxe Rooms
☑ Ample Parking Space
☑ Excellent Service & Management
☑ Courteous & Professional Staff
BOOK NOW
Any Enquiry for Contact Now
9835191305, 9771458064, 9835194671
Tagore Hill Road, Chiraundi, Ranchi (Jh.)

अपने विवाह को बनायें यादगार



TOP 10 POPULAR SMARTPHONE BRANDS IN REKHA ELECTRONICS & MOBILE
REKHA ELECTRONICS & MOBILE
Sujata Chowk, Raghuanshi Store, Main Road, Ranchi
+ 91 93347 23452, +91 91995 43210

PARAGON FINANCE LIMITED
Automobile Finance of TATA, Maruti & Other Vehicles Under Hire Purchase & Hypothecation
NAMAN BARTER PVT. LTD.
Investor, Real Estate Developer & Promoter
KIT COMMERCIAL PVT. LTD.
Investor & Fund Planner
Office at:
H.B. Road, Kokar, Ranchi-834009
Tel.: 0651-2543913, Fax : 0651-2540675
E-mail : paragonfin2@gmail.com | paragonfin@rediffmail.com
Regd. Office :
Sikkim House, 4/1, Middleton Street, 4th Floor, Kolkata - 700 071
Tel.: 033-30588101, 22811955, Fax:22409857
E-mail:paragoncal@gmail.com, sanjayradhey@gmail.com | paragoncal@rediffmail.com
Branch Office :
302, Eden Park, 20 Vittal Mallya Road, Bangalore - 560 001
Phone : 080-22233885, 22232398, Fax : 22225337
E-mail : paragon_b@rediffmail.com, paragon_bgl@yahoo.com, manoj.bangalore@yahoo.com
Tirupati Balajee Complex
Near Ramgarh Block Office, Ramgarh Cantt., Ramgarh - 829122
Ph. No. : 06553-224688, Mob. No. : 09431991717

WINSOME BANQUET & RESORT
We Offer
Full Service Packages Tailored To Suit All Your Needs
Wedding · Reception Party · Conference · Ring Ceremony · Baby Shower
We also Provide Well furnished AC Rooms For Accommodation Only
Hatia Market Complex, Ancillary Chowk Tupudana, Ranchi (Jharkhand)
+91 7004258893

Shiv JEWELLERS
SHIV JEWELLERS
Proprietor:-
Shiv Jewellers, Bariatu Housing Colony Chowk
Near Dav Public School, Bariatu, Ranchi, (Jh.)
9835142965, 7209335501

EXQUISITE JEWELLERY COLLECTION
SHIVCHANDRA JEWELLERS
CONTACT US :
9835137744
Near Malabar Enclave, Beside ICICI ATM, Bariatu Housing Colony, Ranchi-9

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**